राज
कॉमिक्स डाइजेस्ट
संख्या 71
NAGRAJ DIGESTS
1
TEN IN ONE

नागराज

नागराज सीरीज का प्रथम कॉमिक्स

नागराज
का एक पोस्टर
मुफ्त

TM
नागराज सीरीज

PRATAP
MULICK

राज
कॉमिक्स
मूल्य 5.00 संख्या 14
नागराज
fenzz scans
JAGDISH
PANKAJ

राज कॉमिक्स की एक दुर्लभ खोज

नागराज

चित्रकथा: परशुराम शर्मा
चित्रांकन: प्रताप मुलिक
सम्पादक: मनीष चंद्रगुप्त

आतंकवादी गिरोहों की तबाही का देवता

संसार में फैले उग्रवादी संगठनों के नेताओं को प्रोफेसर नागमणि ने गोपनीय निमंत्रण भेजा। बरसों से नागमणि का सम्पर्क इन लोगों से बना हुआ था। प्रोफेसर द्वारा उन्हें महत्त्वपूर्ण सूचनायें मिला करती थीं। लेकिन इस बार कोई विशेष बात थी। प्रोफेसर ने उन्हें सूचना दी थी कि वह आतंकवादी गिरोहों के लिये सबसे खतरनाक हथियार बनाने में कामयाब हो गया है और अब अपने इस हथियार को किराये पर चलाना चाहता है। उसने इस हथियार का नाम रखा था-"नागराज"।

अटेन्शन प्लीज़! आप सभी अतिथियों से अनुरोध है कि आप सेन्ट्रल हॉल में पहुंचकर अपनी-अपनी सीटें ग्रहण कर लें।

सब लोग इमारत के हॉल की ओर बढ़ने लगे।
शायद वह अपने हथियार की बोली लगवाना चाहता है।

इमारत के सेन्ट्रल हॉल में-
दोस्तो! नागराज के निर्माण में मैंने अपनी जिन्दगी के बीस बहुमूल्य वर्ष गंवाये हैं...

...एक नवजात शिशु पर मैंने अपना प्रयोग शुरू किया था, और आज उसकी इक्कीसवीं वर्षगांठ है। उसके भीतर जो थोड़ी-बहुत कमजोरियां हैं, वो अगले कुछ वर्षों में समाप्त हो जायेंगी...

...लेकिन वह इस समय आपके लिये सम्पूर्ण हथियार बन चुका है।
क्या वह कोई कमप्यूटर है?
हम उसका प्रदर्शन देखना चाहेंगे।
जब तक हम उस हथियार की धार नहीं देख लेते, कैसे यकीन करें?

उसी के लिये आप सब को बुलाया है। आप उसकी उपयोगिता का अनुमान स्वयं लगा सकते हैं। वह कम्प्यूटर नहीं है, परन्तु इंसान होते हुये भी कम्प्यूटर से तेज कार्य की क्षमता रखता है।
आश्चर्यजनक! एक इंसान कम्प्यूटर को मात कर जाये!
हो सकता है यह गप्प हो।

नागराज अभी सामने के मंच पर प्रकट होगा, जहां आप उसकी क्षमताओं और ताकत का प्रदर्शन देखेंगे।

नागराज मंच पर प्रकट हो गया।
सभी मेहमानों को नागराज का अभिवादन!

आप लोग दुनिया में खतरनाक आतंकवादी संगठनों के सरदार हैं। आप सभी किसी न किसी फन में महारत हासिल किये हुये हैं। आप में से चार ऐसे व्यक्ति मंच पर आ जायें, जिनका निशाना अचूक हो।

हॉल में चार व्यक्ति उठकर मंच पर आ गये।
सबसे पहले आप लोग अपना परिचय दें।

वे अपना परिचय देने लगे।
मुझे जानी कहते हैं। मैं टैक्साज़ का सबसे खतरनाक गन मैन हूँ, जिसकी कोई भी गोली आज तक खाली नहीं गई।
मुझे यूसुफ बिन अली खान कहते हैं। मिडिल ईस्ट में मुझे मौत का सौदागर कहा जाता है। अगर आप कहें कि उड़ती चिड़िया की आँख पर गोली मारनी है तो गोली आँख पर ही लगेगी।
मैं डॉन हूँ। यूरोप का सबसे खतरनाक गन मास्टर।
मैं हूँ हुड। पश्चिमी जर्मनी में मुझे निशाने का रॉबिन हुड कहा जाता है।

आप लोग शपथ लें कि अपनी गोली से नागराज को खत्म करके नीचे उतरेंगे।
हम सब कसम खाते हैं।

मैं इस घड़ी में अलार्म भर रहा हूँ। एक मिनट के अंदर-अंदर अलार्म बजेगा और अलार्म बजते ही आप अपनी गन निकाल कर नागराज पर फायर कर सकते हैं।

एक मिनट बाद -
ट्रिन
ट्रिन
ट्रिन

आ...आ
उफ्फ
हाय!
शूं... शूं... शूं...

क्या हुआ?
उन्हें क्या हो गया?
अरे, साँप! उनकी कलाइयों पर मैंने साँप देखे थे।
लेकिन साँप अब हैं कहाँ?
क्या चारों मर गये?
नागराज! उन्हें जीवनदान दो।
चारों को नागराज के जहरीले साँपों ने डस लिया था। नागराज उनका ज़हर खींच कर उन्हें जीवित करने में सक्षम था।
शीघ्र ही-
आप चारों ने क्या देखा?
मैं कुछ देख नहीं पाया। जैसे ही रिवाल्वर मेरे हाथ में आया मैंने कलाई पर एक सर्प को लिपटे देखा, जो डंक मारते ही न जाने कहाँ गायब हो गया?
यही हमारे साथ भी हुआ।

चारों वापिस अपनी सीटों पर बैठ गये।

अब मैं किसी फाइटर को तलब करता हूँ, जो जिस विद्या का फाइटर होगा, नागराज उसी फन का प्रदर्शन करेगा।

मैं मार्शल आर्ट का महारथी हूँ।
यस, आई एम ए कुंगफू मैन।

मार्शल आर्ट के दोनों योद्धा मंच पर आ गए।
और कोई है इस आर्ट का महारथी ?
नागराज तुम दोनों का अकेला प्रतिद्वंदी होगा। इसे खत्म कर दो।

और फिर-
स्वाय

ठाक
ठाक

फुस्स ऽऽ
फुस्स ऽऽ

मैं इसके सामने पहले दर्जे के बालक की तरह लड़ा।
यह स्नेक हैंड है।

तुम लोगों को कैसा लगा?
हम अपनी पराजय स्वीकार करके नागराज के सामने नतमस्तक हैं।
अब देखो। नागराज किस तरह दीवार पर चढ़ता हुआ हॉल की छत से गुजरेगा।
आश्चर्य है! वह बिल्कुल साँप की तरह दीवार पर चढ़ रहा है।
ओह! कितनी तेजी से और बिना किसी आहट के छत पर रेंगता जा रहा है।
यह बेमिसाल हथियार है।
दोस्तो! नागराज हॉल के दरवाजे पर उतर चुका है। अब वह जंगल के शिकारी अंदाज में वापिस मंच पर आयेगा।

क्या तुम लोग नागराज की कोई और परीक्षा लेना चाहते हो?

नहीं! हम इस प्रदर्शन से सन्तुष्ट हैं।

प्रोफेसर नागमणि, आपने शानदार हथियार का निर्माण किया है।

इसके अलावा भी नागराज की बहुत-सी विशेषतायें हैं, जो समय आने पर आपको मालूम हो जायेंगी। गोलियों से छलनी होने पर नागराज खुद ही उन्हें निकालकर अपने मार्ग पर चलता बनेगा और इसके शरीर से एक बूँद भी खून नहीं टपकेगा।

इसके शरीर के रक्ताणु आम इंसानों की तरह नहीं हैं। उनकी प्रक्रिया बड़ी तेज और सुरक्षित है। नागराज के जिस्म पर जख्म होते ही उनका काम मशीनी अंदाज में शुरू होता है। पहले ये रक्ताणु अंदर पहुँच चुके हानिकारक पदार्थ को बाहर निकाल देते हैं और फिर...

...किसी माहिर सर्जन की तरह जख्म को बंद कर देते हैं। यह क्रिया बड़ी तेजी से होती है और इस बीच इनका दूसरा दल घाव से रक्तस्राव रोके रहता है...

...और यह हथियार दुनिया के आतंकवादी गिरोहों के लिये तैयार किया गया है। आने वाले पाँच सालों में इसका कोर्स स्वतः पूरा हो जायेगा...

और पाँच साल बाद नागराज दीवारों से आर-पार होने का कमाल हासिल कर लेगा। किसी दूर की वस्तु को इच्छा-शक्ति से स्पर्श किये बिना उठा लेगा।
गप ही लगती है यह बात

मुझे इसकी आसाम में तोड़फोड़ के लिये तुरन्त जरूरत है।

अब नागराज की बोली लगेगी। सबसे ऊंची बोली को नागराज को भाड़े पर लेने का रेट तय समझा जायेगा और ऊंची बोली वाले को नागराज के प्रयोग के लिए प्राथमिकता दी जाएगी।
बोली शुरू की जाये।
और मैं इसी जगह बैठे-बैठे दुनिया का सबसे धनवान और ताकतवर इंसान बन जाऊँगा।
पाँच हजार डालर!
दस हजार।

पचास हजार डालर!
एक लाख डालर!

अन्तिम बोली एक लाख डालर। तो नागराज के एक मिशन की कीमत एक लाख डालर निश्चित की जाती है।...

...मि. बुलडाग की बोली सबसे ऊंची है, इसलिए इन्हें नागराज का प्रयोग करने का अधिकार दिया जाता है।

...और मिस्टर बुलडाग के सम्मान में हम आज शाम एक पार्टी देंगे।

शाम को पार्टी में -
मिस्टर बुलडाग! बधाई हो। क्या आपने हिन्दुस्तान में तोड़फोड़ के लिये कोई बहुत बड़ा ठेका ले लिया है ?
यह तो सौदा है भई। मैं उससे एक करोड़ का डाका भी डलवा सकता हूँ।

फिर तो तुम्हारी निगाह में जरूर कोई बहुत बड़ा खजाना है।
अपना-अपना कारोबार है।

हमारी शुभकामनायें आपके साथ हैं। हम अगले माह की बुकिंग कर लेंगे।
आतंकवादी गिरोहों के सरदारों का यह सम्मेलन समाप्त हो गया और बुलडाग नागराज को लेकर चल पड़ा।

हमारे उग्रवादी बेगार कैम्प चला रहे हैं और उनके कैम्प आसाम के जंगलों में हैं। हम ऐसे ही एक कैम्प में उतरेंगे।

यहाँ के लोग गरीबी की सतह से निम्नस्तर की जिन्दगी गुजारते हैं। ऐसे लोगों की गरीबी हम बेगार कैम्पों के द्वारा दूर करते हैं।
यानी गरीबों को देशद्रोह के लिये तैयार किया जाता है।

इसके बावजूद भी हम पूरी तरह सफल नहीं हो पाते।
उसकी वजह?

असल में ये लोग छोटी-छोटी जातियों के गुटों में विभाजित हैं और इन लोगों के अपने अलग-अलग धर्मगुरु हैं, जिन्हें खरीदना मुश्किल हो जाता है...

...हम लोगों ने मिशनरियों द्वारा भी काम किया। धर्म परिवर्तन द्वारा इन्हें एक नये सम्प्रदाय में ढालना चाहा, परन्तु इसमें भी अधिक सफलता नहीं मिली। इनके धर्मगुरु चीख-पुकार मचा कर सरकार को चौकन्ना कर देते हैं...

...और अगर इनकी जातियों में कोई आपसी झगड़ा फैलाते हैं तो एक शक्तिशाली हस्ती हस्तक्षेप करके इनका झगड़ा सुलझा देती है।

शक्तीशाली हस्ती? वह कौन है?
बताया जाता है कि वह आसाम के जंगलों में कहीं रहता है, परन्तु उसका निवास स्थान किसी को मालूम नहीं...
...यहाँ के निवासी उसे महात्मा गोरखनाथ के नाम से पुकारते हैं। वह एक सफेद बालों वाला लम्बा-तगड़ा इंसान है। लोग कहते हैं कि उसकी उम्र दो सौ साल की है...

बहुत ही विचित्र और रहस्यमय इंसान है। कभी भी कहीं भी प्रकट हो जाता है। कोई भी धर्मगुरु उसकी आज्ञा का उल्लंघन नहीं कर सकता। हर आदमी उससे खौफ खाता है।

तुम लोगों ने उसकी हत्या की कोशिश नहीं की?
कई बार,लेकिन हर बार नाकाम रहे। ऐसा कहा जाता है कि वह कोई बहुत बड़ा जादूगर है। कोई भी स्थानीय व्यक्ति उसकी हत्या की योजना में हम से सहयोग नहीं करता।
तो तुम लोग मेरे हाथों उसे स्वर्ग-धाम पहुँचाना चाहते हो।

तभी-
कैम्प आ गया। बाकी बातें पूरी योजना के साथ होंगी।

सब ठीक है राका?

बस एक छोटी-सी घटना को छोड़कर सब ठीक है बॉस!

कैसी घटना?
दो कैदी भाग निकले थे। मेरे शिकारी कुत्ते उनकी बोटियाँ ले आये।

राका कैम्प इंचार्ज है, और राका! यह हैं हमारे मेहमान नागराज!
स्वागतम्!

कैम्प के कंट्रोल हाउस में-
सबसे पहले तुम भू-भाग के चित्रों को ध्यान-पूर्वक देख लो।

यह टोंक नदी है, जो ब्रह्मपुत्र से जा मिलती है। नदी के किनारे यह स्थल देखो, जिसे लाल दायरे में दिखाया गया है।...

..यह एक बहुत ही पौराणिक मन्दिर है, और इसके चारों तरफ एक बस्ती आबाद है। इसके अलावा पहाड़ियों में कई कबीले भी हैं।

इस मन्दिर को लेकर दो समुदाय के लोगों में काफी पुराना झगड़ा चला आ रहा है।

बाद में एक सम्प्रदाय का इस पर एकछत्र अधिकार हो गया, क्योंकि ये लोग दूसरे सम्प्रदाय से हर सूरत में मजबूत थे। धन से भी और ताकत से भी।

दूसरे सम्प्रदाय वाले भी झगड़ा खत्म करके इनमें आ मिले और फिर यह विवाद लगभग समाप्त हो गया...

...अगर इस मन्दिर के भीतर रखी मूर्ति गायब कर दी जाये तो हमारा काम हल हो जायेगा।
वह किस तरह?

हम यह अफवाह फैला देंगे कि मूर्ति दूसरे सम्प्रदाय के लोगों ने चुरा ली है। दंगा भड़क जायेगा और जब तक मूर्ति मंदिर में वापिस नहीं लौटेगी दंगा शांत नहीं होगा।
तो फिर तुमने अब तक यह काम किया क्यों नहीं?

यह काम इतना आसान होता तो कभी का हो गया होता। वह मूर्ति करोड़ों की है और उसकी रक्षा मन्दिर में रहने वाले सैंकड़ों नाग करते हैं।
नाग!

साँप वैसे तो किसी को कुछ नहीं कहते, परन्तु कोई भी व्यक्ति जब मन्दिर में बुरे इरादे से जायेगा तो नाग उसे डस लेंगे। हमारे पाँच आदमी इसी चक्कर में मारे गये।
ओह! यह तो कोई तिलिस्मी मामला है।
और तुम इस तिलिस्म को तोड़ सकते हो?

बेशक मैं तोड़ दूँगा।

इसके अलावा सुरक्षा का और क्या प्रबन्ध है वहाँ?
यदि मन्दिर की चोरी का तुरंत पता चल गया तो आस-पास के कबीलों तक में जल-जला आ जायेगा। सैंकड़ों लोग शिकारी कुत्तों की तरह तुम्हारे पीछे लग जायेंगे...

...जैसे ही तुम मूर्ति चुराकर भागोगे, हम साम्प्रदायिक दंगा भड़का देंगे। मूर्ति प्राप्त करते ही तुम्हें बेले सम्प्रदाय के सरदार को सूचित करना होगा।
क्या ऐसी सूरत में गोरखनाथ कुछ रोक-थाम नहीं करेगा?

उसके लिये गोरखनाथ को कबीले वालों को विश्वास दिलाना होगा कि मूर्ति वापिस आ जायेगी, और मूर्ति वह ला नहीं पाएगा। इस तरह उस पर से दोनों सम्प्रदायों का विश्वास उठ जायेगा और फिर उस-का खेल खत्म।
तो फिर समझ लो उसका खेल खत्म हो ही गया।

नागराज ने मिशन पर रवाना होने की पूरी तैयारी कर ली।
क्या तुम किसी को साथ ले जाना चाहोगे?
नहीं, बस राका मुझे जंगल की सीमा तक छोड़ देगा।

करोड़ों की मूर्ति... यह मूर्ति अगर मुझे मिल जाये तो...

...ऐश की जिन्दगी जीने का यह एक सुनहरी मौका होगा। जब नागराज मूर्ति लेकर लौटेगा, तब नागराज का भी खेल खत्म कर दूँगा।
बस राका, मुझे यहीं उतार दो।

इस पुल पर हम लोग तुम्हारा इंतजार करेंगे नागराज!
अवश्य! मैं शीघ्र ही लौट आऊंगा।

और इसी पुल पर तुम्हारी कब्र भी बनेगी।

नागराज जंगल के रास्ते आगे बढ़ गया।

दहाड़
ओह! शेर की दहाड़!

वाह! क्या युद्ध है। एक शेर एक जंगली भैंसे से लड़ रहा है।

अरे, यह क्या? एक की बजाय दो-दो जंगली भैंसे! यह तो जंगल के राजा के साथ नाइंसाफी है।

मल्ल युद्ध में एक का मुकाबला दो से नहीं होता। तुम में से एक को मेरे साथ लड़ना होगा।

और फिर
धड़ाक

अब बोल, तेरे साथ क्या सलूक किया जाये?

बस, मैं तेरी गर्दन की एक हड्डी तोड़ देता हूं और फिर तेरा खेल खत्म।

उधर शेर भी अपने दुश्मन को मार चुका था।
हम दोनों अलग-अलग क्षेत्र के राजा हैं।

दोस्त! अभी मैं जल्दी में हूँ, वरना तुम्हारे साथ जरूर बातें करता। मैं जानता हूँ तुम शुक्रिया अदा करना चाहते हो।

नागराज उस बस्ती के पास पहुँच गया।
बस, इस नदी को पार करना है। इसके बाद मैं उस बस्ती में पहुँच जाऊँगा।

बड़ा ठंडा पानी है।

मुझे आधी रात के समय मन्दिर में दाखिल होना है। तब तक मैं यहाँ विश्राम कर लूं।

आधी रात के समय-
हर कोई गहरी निद्रा में विचरण कर रहा है।

नागराज को देखते ही कुत्ते दुम दबा कर भाग जाते थे।
भाग जाओ। मैं नागों का राजा हूँ।

जागते रहो
बस्ती में इंसानों का पहरा भी है। इसे गुजर जाने दूं।

मन्दिर के पार्श्व भाग में-
बड़ी खतरनाक पहाड़ी पर खड़ी है इसकी पिछली दीवार।

नागराज खुरदरी दीवार पर आसानी से चढ़ गया।

और फिर शीघ्र ही-

नागराज नागरस्सी का प्रयोग करता है।
शूं..शूं..शू..

अब चलूं नीचे मन्दिर के अन्दरूनी प्रांगण में।

नीचे पहुंचने पर-
बाहर के कपाट बंद हैं और मैं अंदर आ गया हूँ।

अब यह दरवाज़ा!

नागानन्द, नागराज का दायाँ हाथ-
नागानन्द! तुम जाकर पता लगाओ कि इसे अंदर से कैसे खोला जाता है।

ओह! दरवाजा खुल रहा है। मेरे शागिर्द ने अपना कमाल दिखा दिया।

बड़ा आलौकिक प्रकाश है यहाँ।

तभी-
फुस्स
फुस्स
फुस्स

अरे! नादानो मुझ पर जहर उगल रहे हो। ठहरो, अभी चखाता हूँ मजा।

नागराज के शरीर पर डसने वाला साँप पानी बनकर पिघल जाता था।
देख लो नागराज पर जहर उगलने का अंजाम।

बचे हुए नाग, नागराज की जहरीली फुंकारों से धाराशायी हो गए।

और फिर नागराज मूर्ति की तरफ लपका।

लेकिन तभी-
फुस्स्स ऽऽ फुस्स ऽऽ

यह मुकाबला जोरदार रहेगा। मेरी जहरीली फुंकार का इस पर प्रभाव नहीं हुआ। इसका मतलब यह किसी विशेष दर्जे का नाग है।

स्सांय...

फुस्स!
फुस्स!

फुस्स!SS
फुस्स!

धुप्प

धुप्प

उफ! काफी खतरनाक बला थी। सचमुच, इस मूर्ति को चुराना आसान काम नहीं...

...लेकिन अब यह मूर्ति मेरे हाथों में है। अब यहाँ से चलना चाहिये।

और फिर-
श्रं: श्रं:..

गश्त करते चौकीदार ने मन्दिर के गुम्बद पर प्रकाश देखा तो-
वह कौन है मन्दिर के गुम्बद पर?

बस्ती में शंख और तुरही बज उठे, जो खतरे का संकेत था।
टू...टू...टू...टू...
ओह! खतरा! मुझे इस बस्ती से तुरन्त निकल जाना चाहिए।

वह भाग रहा है। पकड़ो ...घेर लो.... जाने न पाये।

कबीलों को खबर कर दो। चारों तरफ से घेरा डालो।
सक
तीर-भालों की बौछार चल पड़ी।
सक
सक
जिप्प

शूं शूं शूंऽऽ

साँप
साँप

चारों तरफ से घेरा डाला जा रहा है। मशालें ही मशालें।

ठाक
ट्विंग
साँयऽऽ

मुझे इन ऊंचे वृक्षों का सहारा लेकर इनके सिरों के ऊपर से गुजर जाना चाहिए।

शूँ शूँ शूँ...

अरे! कहाँ गया?
वो देखो... उस पहाड़ी पर है।

कमबख्त पहाड़ी पर चढ़ रहे हैं। क्यों न इन बड़े पत्थरों को इन पर लुढ़का दूँ।

गरड़ऽ
गरड़ऽ
गरड़ऽ

अब जल्दी से अपनी तेज लम्बी छलाँग का प्रयोग करके इस खाई को पार कर जाऊँ।

अब इन तीर वालों से कुछ नहीं होने वाला।

और सुबह हो गयी।
बड़ा भयंकर जोखिम भरा मिशन था। यह सामने की बस्ती मेरे दोस्तों की है। इससे आगे मुझे कोई खतरा नहीं।

नागराज कोडवर्ड की मदद से बेले कबीले के सरदार तक पहुँच गया।
हमले की तैयारी करो।
मैं कामयाब हो गया हूँ। अब तुम लोग अपना काम शुरू कर दो।

दूसरे कबीले में-
बेले सम्प्रदाय के लोग हमारी बस्ती पर हमला बोलने जा रहे हैं,तैयार हो जाओ। हम ईंट का जवाब पत्थर से देंगे।

नागराज उस पुल पर पहुँचा, जहाँ शाका की टोली उसका इंतजार कर रही थी।
वह आ गया! तैयार रहो।

मैं मूर्ति लेकर आ गया हूँ शाका।
मूर्ति मेरे हवाले कर दो।
नहीं, मुझे हिदायत है कि इसे बुलडाग तक पहुंचाना है।

लेकिन तुम्हें इसे मेरे हवाले करना ही होगा। एक नजर अपने चारों तरफ डालकर तो देखो।
बेवकूफो! तुम अपने बॉस के साथ गद्दारी कर रहे हो!
और फिर-
शूं
शूं
शूं
रेऽऽटा
रेऽट
आ..ई..ई...
फुस्स
तुझे इसी हालत में लाद-कर कैम्प ले जाऊंगा।

यह पेड़ तुमने गिराया है?

हाँ, मैंने गिराया है और मैं ही इसे हटा सकता हूँ।

तुमने ऐसा क्यों किया?

मुझे वह मूर्ति चाहिये।

ओह! तो यह बात है। मेरा रास्ता रोकने का अर्थ जानते हो।

तुम जैसे इंसान का कोई रास्ता नहीं हुआ करता। तुम भटके हुये इंसान हो।

कहीं यह बाबा गोरखनाथ तो नहीं?
तुम सही सोच रहे हो बालक! मैं ही गोरखनाथ हूँ। यह मूर्ति वापिस मन्दिर में जायेगी।

मैं तुम जैसे साधु-संतो की हत्या नहीं करता, इसलिए बेहतर है कि इस पेड़ को हटा दो और मुझे जाने दो।

लो, मैं तुम्हारी यह इच्छा भी पूरी किये देता हूँ।

पेड़ हट गया। अब मूर्ति मेरे हवाले कर दो और फिर तुम जा सकते हो। यदि तुमने मेरा कहा न माना तो फिर मैं तुम्हें भी अपने साथ ले जाऊँगा।

और फिर तुम्हें दंड दिया जायेगा।
देखता हूँ तुम मुझसे मूर्ति कैसे हासिल करते हो। मैं आ रहा हूँ।

लेकिन-
ओह! मेरे गले में फंदा।

शूं शूं शूं...

मेरे सारे नाग वापिस पलट रहे हैं। उसके कंधे पर काला नेवला बैठा है। काला नेवला शिकांगी ।
शिकांगी! वह रस्सी तोड़कर फरार होना चाहता है।
फुस्स
फुस्स
शिकांगी नेवले का धारक बहुत बड़ा जादूगर होता है। मैं इसकी असीमित शक्ति का मुकाबला नहीं कर सकता। मुझे भाग जाना चाहिये।
शिकांगी नागराज के चारों तरफ घूमने लगा।
ओह! इसने मेरे चारों तरफ जादुई लकीर खींच दी है।

तभी
ठाक

भटके हुये लोगों को सही मार्ग दिखाना उनके लिये सबसे बड़ा दंड होता है।

अगर यही इंसान अपनी शक्ति का प्रयोग मानवता की रक्षा के लिये करे तो लोग इसकी पूजा करेंगे।
महात्मा गोरखनाथ ने वशीकरण विद्या द्वारा नागराज के दिमागी हालात जानने शुरू कर दिये।
नागराज! तुम नागमणि जैसे शैतान के गुलाम हो। उसने तुम्हें बनाया है। इसका मतलब तुम्हारी अपनी कोई स्वतंत्र हस्ती नहीं।

सबसे पहले मुझे यह जानना होगा कि तुम्हारा निर्माण कैसे हुआ? तुम्हारे मस्तिष्क के चित्र अब मेरे मस्तिष्क में उजागर होंगे।
नागमणि इच्छाधारी साँप पकड़ना चाहता था। वह साँपों का विशेषज्ञ था और साँप पकड़ने के लिये जंगलों में भ्रमण करता था। एक दिन वह जंगल में पहुँचा तो-
यह तो किसी नागदेवता का पुराना मन्दिर मालूम पड़ता है।

नागमणि को किसी बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। वह मन्दिर में दाखिल हो गया।
अरे, बच्चा! ओह, कितना प्यारा बच्चा है...
...मैं इसे पालूँगा।
फिर जैसे ही नागमणि ने बच्चे को गोद में लिया...
...एक नाग फुँकारता हुआ उसके मार्ग में आ खड़ा हुआ।
यह तो इच्छाधारी नाग है। मेरी आँखें धोखा नहीं खा सकती।
और तभी इच्छाधारी ने इंसानी रूप धर लिया।
मेरे दर्शन बहुत मुश्किल से प्राप्त होते हैं। ऐ इंसान तू जो भी है, गौर से मेरी बात सुन।
एक लड़की मेरी पुजारिन थी। किसी ने उसके साथ अत्याचार किया और परिणाम स्वरूप यह बच्चा पैदा हुआ।

मरने से पहले उसने इस बच्चे को मेरी शरण में छोड़ दिया। तब से यह बच्चा इसी जगह है।
मुझे इस बच्चे के संरक्षक की जरूरत थी, जो इसे पालपोस कर जवान करे और इसे अपनी माँ के साथ हुये अन्याय का बदला लेने के काबिल बना सके।
मुझ पर विश्वास करो। मैं इसे वैसा ही बना दूँगा, जैसा तुम चाहते हो।
मैं इस बच्चे को पराक्रमी व बलवान बनाना चाहता हूं।
आज से बीस वर्ष बाद तुम इस जगह आना, मैं तुम्हें मृत अवस्था में मिलूँगा। तुम मेरे कंठ से विष की थैली निकाल लेना...
...और मेरे शरीर का भस्म बनाकर इस बच्चे को खिला देना। इससे एक दिन मेरे जैसी योग्यताएँ स्वतः पैदा हो जायेंगी।
फिर वह साँप के रूप में परिवर्तित हो गया।
परन्तु याद रहे, मेरी भस्म बनाकर खिलाने से पहले इस बच्चे को एक हजार जहरीले साँपों से डसवाना होगा। हल्के जहर से तुम इस पर प्रयोग करोगे।

और सबसे अंत में तुम मेरे कंठ से निकली जहर की थैली से इसके शरीर में मालिश करोगे थोड़ा-सा जहर इसकी जिव्हा से स्पर्श कराओगे।
और तब यह नागराज बन जायेगा। सांपों की कोई भी नस्ल इसे पराजित न कर सकेगी।
ठीक है। मैं ऐसा ही करूंगा।
और नागमणि ने उस बच्चे पर प्रयोग शुरू कर दिया।
स्नेक मैन! यह मेरे जीवन का सबसे बड़ा आविष्कार होगा।
जिस तरह राजा विष-कन्या बनाते थे, मैं विष नर बनाऊँगा। जिसके एक हज़ार साँप गुलाम होंगे।
नागमणि ने उस पर अपने जहरीले साँपों का प्रयोग प्रारम्भ कर दिया।
इसमें गजब की क्षमता पैदा होती जा रही है। धीरे धीरे इसकी क्षमता बढ़ती जायेगी।
नागमणि के घर में ही नागराज बड़ा हुआ।
अब वह वक्त आ गया है, जब इच्छाधारी की भस्म इसे खिलाई जाये।

ओह, अभूतपूर्व! इसके जिस्म की रंगत बदलने लगी।
कुछ दिन बाद-
यह एक खौफनाक नाग की तरह नजर आ रहा है। जिसका चेहरा इंसानों जैसा है।
मैं सफल हो गया। नागराज पर अब मेरा अन्तिम प्रयोग बाकी है।
नागराज के जिस्म पर इच्छाधारी साँप के जहर की मालिश की गयी।
लेकिन मुझे इसके ब्रेन पर कंट्रोल रखना होगा। अब कुछ वर्षों बाद इस में इच्छाधारी साँप के सब गुण आ जायेंगे।
नागमणि ने नागराज के मस्तिष्क का आप्रेशन करके उसमें एक कैप्सूल फिक्स कर दिया।
अब इसकी अपनी कोई इच्छा नहीं होगी। जो मैं सोचूँगा वही इसकी सोच होगी।
SNAKES
नागराज। तुम मेरे गुलाम हो। तुम एक ऐसी मशीन हो, जो मेरे लिये काम करेगी।
हाँ आका! मैं आपका गुलाम हूँ।

एक हजार साँप तुम्हारे रक्त में अदृश्य हो चुके हैं। जब तुम उन्हें जगाओगे तो वह तुम्हारे हाथों से जिन्दा होकर बाहर निकल आयेंगे।

और एक दिन तुममें स्वत अदृश्य होने की शक्ति उत्पन्न होगी। तब तुम इच्छाधारी साँप की सम्पूर्ण योग्यतायें प्राप्त कर लोगे।
इस तरह...

...गोरखनाथ ने नागराज की उत्पत्ति की पूरी कहानी जान ली।
नागमणि इसे अपने स्वार्थ के लिये प्रयोग कर रहा है। इसके मस्तिष्क का कैप्सूल निकाल देना चाहिए

गोरखनाथ ने योग विद्याओं से नागराज के मस्तिष्क का आप्रेशन किया, और पिरोया गया कैप्सूल नष्ट कर दिया।
यह है वह कैप्सूल।

जब नागराज को होश आया-
अब तुम ठीक हो। तुम कैसा महसूस कर रहे हो?

बहुत तरोताज़ा, जैसे कोई बोझ हट गया हो।

काला नेवला शिकांगी नस्ल का होता है, जिसके दर्शन भी दुर्लभ होते हैं।यह नेवला वशीकरण शक्ति का स्वामी माना जाता है। यह अपने आप में बहुत बड़ी जादुई शक्ति है। जंगली लोग इसकी पूजा करते हैं और जादूगर अपनी कला के लिये इसकी साधना करते हैं। यह नेवला गोरखनाथ ने बड़ी साधना से प्राप्त किया था और जब से शिकांगी उसके पास था, वह रहस्यमय शक्तियों का स्वामी बन गया था।

मुझे शिकांगी ने ही इस बात की सूचना दी थी कि तुम मूर्ति चुरा कर भाग रहे हो और किस रास्ते से भाग रहे हो। जाओ, शिकांगी की कृपा से तुम आजाद हो गये हो।

मैं आपको कभी नहीं भूलूँगा। आप सचमुच देवता हैं। न जाने मुझसे कितने अपराध होते और न जाने कब तक मैं नागमणि की गुलामी करता रहता।

और जब भी तुम्हें मेरी आवश्यकता पड़े, तुम मुझे याद कर लेना। तुम मुझे अपने मस्तिष्क में खड़ा पाओगे। जाओ, मेरा आशीर्वाद तुम्हारे साथ है।

नागराज का नया जन्म हो चुका था। उसे बाबा गोरखनाथ का आशीर्वाद प्राप्त था और वह आतंकवादी गिरोहों के विरुद्ध उठ खड़ा हुआ था। अब देखना यह है कि उसका निशाना सबसे पहले कौन बनता है। उधर गोरखनाथ ने मूर्ति को यथास्थान उसी मन्दिर में स्थापित कर दिया। मूर्ति तत्काल लौट आने से सम्प्रदायिक हिंसा रुक गयी और कबीलों में गोरखनाथ की जय-जयकार होने लगी।

नागराज अपने सफर पर निकल पड़ा।

समाप्त

राज
कॉमिक्स
विशेषांक
संख्या 0019
नागराज
की कब्र
PRATAP
MULICK

नागराज की कब्र

कथा: परशुराम शर्मा चित्रांकन: संजय अष्टपुत्रे सम्पादक: मनीष चन्द्र गुप्त

कुख्यात वैज्ञानिक प्रो. नागमणि ने नागराज का निर्माण आतंकवादी गिरोहों के लिये किया। एक ऐसा शस्त्र जो प्रत्येक परिस्थिति का मुकाबला कर सकता था। महाशक्तिशाली नागराज को आतंकवादी गिरोह के सरदार बुलडाग ने किराये पर प्राप्त कर लिया और नागराज ने आसाम में विनाश प्रारंभ कर दिया। लेकिन एक शक्तिमान योगी महात्मा गोरखनाथ ने नागराज को अपनी गुप्त शक्तियों के बल पर पकड़ लिया फिर नागराज के मस्तिष्क का आप्रेशन कर उसे प्रो. नागमणि के चंगुल से मुक्त कर दिया। तब नागराज नेकी के रास्ते पर निकल पड़ा और उसने कसम खाई कि वह दुनिया से सभी आतंकवादी गिरोहों का सफाया कर देगा।

एक रात का सफर तय करने के बाद नागराज सुबह ही साकू कबीले जा पहुँचा।
यह मेरे लिये स्वर्णिम सवेरा है जो इन लोगों के लिये तबाही का अंधेरा लेकर आया है।

नागराज बस्ती के एक खस्ता हाल होटल में जा पहुँचा।
क्या तुम शेखू को जानते हो? वह इसी बस्ती में रहता है।
शेखू! ठहरो... वहां बैठो...

पता नहीं शेखू का नाम सुनकर यह क्यों घबरा गया...?

उधर होटल मालिक होटल के पिछवाड़े जा पहुँचा।
अगर यह वही आदमी हुआ तो मुझे वह दौलत जरूर मिलेगी जो इस पर लगाई गयी है।

पास ही के एक झोपड़े में वह घुसा।
शेमो सुनकर खुश होगा।

शेमो! मैं एक अच्छी खबर लेकर आया हूं।
फिर तो मैं सुबह-सुबह तुम्हारा मुंह कड़वा जरूर करूंगा।

मैंने उस आदमी को पा लिया है जिसकी तुम्हें तलाश थी...
मुझे तो हर उस आदमी की तलाश है जो पैसा पैदा कर सके।

किसी दिन यह शराब तुम्हें ले डूबेगी - इसी शराब के कारण तुम्हारी ताकत शेखू से कम पड़ती जा रही है।
मेरे दुश्मन शेखू का नाम किस तरह लिया तूने सवेरे सवेरे कमीने... भाग जा वरना मैं तेरा गला काट दूंगा

रोमो ! मैं तुम्हारा दोस्त हूं - तुम्हें फिर से ताकतवर देखना चाहता हूं। और तुम भूल रहे हो कि मैं तुम्हारे लिये एक खुशखबरी लेकर आया था।

मुझे गुस्सा बहुत आने लगा है - खैर बता - क्या खुशखबरी लेकर आया है...!
बहुत दिनों के बाद एक आदमी शेखू की तलाश में आया है।

और यह वही आदमी मालूम पड़ता है जिसने मूर्ति लूटी थी... और जिसे शेखू तलाश करता फिर रहा है।
तुम्हें कैसे यकीन कि यह वही आदमी है?

शेखू ने मुझे उसका हुलिया बताया था। उसका कहना था कि इस हुलिये का आदमी कभी नजर आये तो तुरंत उसे खबर करके पांच हजार रुपये इनाम हासिल कर लूं।

होटल मालिक वापिस होटल में लौट आया।

तुम्हें शेखू से मिलना था ना?
हां... यह मैं तुम्हें पहले ही बता चुका हूं।
मैं शेखू के लिये अजनबी नहीं हूं।
लेकिन तुम्हें मालूम होना चाहिये शेखू किसी अजनबी से नहीं मिलता।

तो फिर तुम्हें अपना पूरा परिचय देना चाहिये।
बस तुम उससे इतना कह दो कि नागराज आया है।

तुम नागराज हो...?
हां–यही नाम है मेरा...।

फिर तो मैं तुम्हें अभी शेखू के पास ले चलता हूं। तुम्हारा नाम कतई अजनबी नहीं है।
चलो।

रास्ते में–
नागराज अजनबी नाम नहीं – तुम उसके बारे में क्या जानते हो?
सिर्फ इतना कि शेखू ने मुझसे कहा था कि यदि इस नाम का कोई आदमी उससे मिलने आये तो तुरंत उसके गार तक पहुंचा दूं।

गनीमत है कि यह आदमी मेरे बारे में अधिक कुछ नहीं जानता।

नागराज!
बिल्कुल यही आदमी यही नाम बताया था शेखू ने...

अब तुम इस गार में उतर जाओ। मुझे यहीं से वापस लौटना है।
धन्यवाद दोस्त! तुमने मुझे यहां तक का रास्ता दिखाया।

रोमो – वह झींगा गार में उतर चुका है। और यह शतप्रतिशत वही आदमी है। उसका नाम नागराज है।
हूं – अब तुम होटल पर मेरा इंतजार करो।

सबसे पहले मुझे इस गार का रस्ता बन्द करना होगा फिर चोर रास्ते से अन्दर जाऊंगा।
मेरा बेवकूफ दोस्त कालू कहता था कि शराब ने मेरी ताकत छीन ली – लेकिन अब भी मैं इन चट्टानों को उठा सकता हूं।
अगर मेरा बेवकूफ दोस्त मुझे चट्टान उठाते देख लेता तो शायद गश खाकर बेहोश हो जाता।

यह पतली दरार... अपने शरीर की मांस-पेशियां सिकोड़ने की कला जिसे आती हो वही ऐसे चोर दरवाजे पार कर सकता है...

गार में-
नागराज sss क्या तुम मेरी आवाज सुन रहे हो?

अगर मेरी आवाज सुन रहे हो तो जवाब दो।
हां। मैं तुम्हारी आवाज सुन रहा हूं।

उसकी आवाज तीसरे मोड़ वाली गुफा से आ रही है। इस गार की आवाजों का अनुमान सिर्फ मैं ही लगा सकता हूं।

यहां आवाज गूंजती है, जरा सी आवाज पूरे गार में सुनाई पड़ती है और अंदाजा लगाना मुश्किल होता है कि आवाज कहां से आई है।

हैरान होने की जरूरत नहीं नागराज - मैं ठीक तुम्हारे पीछे खड़ा हूं।
!

क्या तुम शेखू हो...?
हां- मैं ही शेखू हूं... मूर्ति कहां है नागराज ?

पहले मैं तुम्हारी पहचान करूंगा कि तुम शेखू ही हो या कोई और! अपनी दायीं हथेली दिखाओ!

तुम शेखू नहीं हो। बुलडाग के सभी क्षेत्रीय सरदारों के हाथ में एक चिन्ह गुदा होता है। वह तुम्हारी हथेली पर नहीं है।

ये रहा मेरी हथेली का निशान...

मैं मास्टर शेमो हूं। शेमो जो इस दुनिया में सिर्फ एक है और अकेला है जिसके पुरखे ताकत की पूजा करते थे। और जो मुझे विरासत में मिली है।

मार्शल आर्ट्स में इसे मंकी ब्लो कहते हैं नागराज।

यह हाथापाई बन्द करो और पहले मेरी बात सुनो।
मास्टर रोमो अपने प्रतिद्वन्द्वी को बोलने का मौका जरूर देता है। बोलो...।

तुमने मुझे यहां बुलाकर घेरने की कोशिश क्यों की क्या दुश्मनी है तुम्हारी मुझसे ?
हां-यह बात तुम्हें जरूर पूछनी चाहिये इसका तुम्हें हक है।

नागराज तुम वह शख्स हो जो आसाम के पौराणिक मन्दिर से करोड़ों की मूर्ति चुराकर ले गये थे...।

और जिन लोगों के लिये तुमने यह काम किया था मूर्ति अभी तक उन्हें नहीं पहुंचाई- इसका मतलब यह मूर्ति अभी तक तुम्हारे कब्जे में है और मैं उसे हासिल करना चाहता हूं।
क्या तुम्हारा सम्बंध शेखू से है?

कभी था जब मैं उसके लिये भाड़े का कातिल बनकर चंद रूपये पा लेता था। मैंने इस गिरोह के लिये बड़े-बड़े काम किये लेकिन फिर मुझे इस कारोबार से नफरत हो गयी और मैंने शेखू के लिये काम करना छोड़ दिया।
लेकिन मैं तुम्हें यह सब बातें बताने नहीं आया हूं- मैं तुमसे मूर्ति हासिल करने आया हूं।

मूर्ति मेरे पास नहीं है और न ही तुम उसे हासिल कर सकते हो।

ठाक
ठाक
ठाक
ठाक

रशॉय

आदमी जानदार है, लेकिन अक्ल दुरुस्त नहीं है। इसकी अक्ल दुरुस्त करनी होगी!

ओह! तो तुम माइलि आर्ट्स भी जानते हो... और यह है तुम्हारा असली रूप!

ठाक

स्नेक हैन्ड का माहिर है।

ठाक
ठाक
ठाक

तड़ाक
आह!

ठाक
तड़ाक

सॉय सॉय
मैं चाहूं तो तुम्हारी जिन्दगी छीन सकता हूं रोमो... भले ही तुम मास्टर हो लेकिन मेरे मुकाबले नहीं ठहर सकते!
पहली बार मेरा पाला किसी उस्ताद से पड़ा है मैं अपनी शिकस्त कबूल करता हूं।

तुम चाहो तो मेरी जिन्दगी छीन सकते हो क्योंकि मैंने तुम्हारे साथ बहुत बुरा सलूक किया – झींगा गार में फंसा मेरा शिकार आज तक निकल नहीं पाया – तुम पहले व्यक्ति हो – जिसकी शक्ति अपरम्पार है।

मैं तुम्हारी गुस्तारवी को माफ करता हूं।
लेकिन गिरोह के लोग इस गुस्तारवी की सजा मुझे जरूर देंगे।

मैं कुत्ते की मौत नहीं मरना चाहता हूं इसलिये बेहतर है कि तुम मुझे यहीं कत्ल कर दो।

जिस गिरोह की बात तुम कर रहे हो, वे मेरे दुश्मन हैं। मैं इस बुराई के विरुध्द लड़ने वाला एक सिपहसलार हूं। मूर्ति उसी मन्दिर में पहुंच चुकी है जहॉ से चुराई गयी थी।
अगर यही बात है तो मैं तुम्हारा सिपाही बनकर कुत्ते की मौत मरने के लिये भी तैयार हूं।

सिपाही नहीं दोस्त।
नागराज! तुम सचमुच महान हो!

मैं बाहर निकल कर गार का दहाना खोलता हूं।
इसकी कोई जरूरत नहीं है दोस्त, मैं भी तुम्हारी तरह इस दरार से निकल सकता हूं।

दोनों झींगा गार से बाहर निकले।
इन लोगों ने मुझे नशे का आदी बना दिया – ताकि हर समय मुझे पैसे की जरूरत महसूस होती रहे और मैं इनके लिये काम करता रहूं।

लेकिन एक मासूम लड़की की हत्या ने मेरे मन में उनके प्रति नफरत भर दी – उसे मेरे सामने कत्ल किया गया। मैं शराब पीता रहा और उसे बचा नहीं सका ऐसा लगता है उसकी आत्मा मेरे इर्द-गिर्द भटकती रहती है।
उसकी हत्या क्यों की गयी?

यह एक दिल हिला देने वाली कहानी है। एक देशभक्त जासूस की मदद करनेवाली लड़की की... यह किस्सा छः माह पूर्व का है, जब मुझे एक काम सौंपा गया था...

मास्टर रोमो। हेडक्वार्टर से तुम्हारे लिये एक नया काम आया है।
किसी के कत्ल का मामला होगा शेख?

हां-हेडक्वार्टर ने बेगार कैम्प के नाम से जो प्राशिक्षण केन्द्र खोला है, वहां से एक मजदूर भाग निकला था वह दरअसल एक जासूस था, हर इलाके में नाके बन्दी की गयी परन्तु उसका कोई सुराग नहीं मिला।

ताजा सूचना के अनुसार वह बिल्लोरी बस्ती के करीबी जंगल में छिपा हुआ है। मालूम हुआ है कि एक लड़की उसे जंगल में खाना देने जाती है बिल्लोरी बस्ती में रहने वाली इस लड़की का नाम कामनी है और इस के साथ सिर्फ एक बूढ़ी औरत है।
तुम्हें सिर्फ जासूस की लाश चाहिये ना?

हां-फिलहाल तुम्हें यही काम करना है, यह रहा उसका फोटो।
मैं बिल्लोरी गांव जा पहुंचा और शीघ्र ही उस घर को तलाश कर लिया जहां कामनी रहती थी...।
वहां एक बूढ़ी औरत मिली जो कि अंधी थी।
मां, मैं एक भटका हुआ मुसाफिर हूं.. और बड़े संकट में फंसा हूं- मेरी मदद करो।
बोलो बेटा- हम तुम्हारी क्या मदद कर सकते हैं?
कुछ डाकू मेरे पीछे पड़े हैं-बस कुछ दिन के लिये सिर छिपाने की जगह मिल जाये तो आपका एहसान कभी नहीं भूलूंगा।
मेरे पास कुछ हीरे जवाहरात हैं जिसकी वजह से मेरी जान खतरे में पड़ गयी है। मुझे मालूम हुआ कि इस बस्ती के लोग आपको देवी समान मानते हैं-मेरी जान बचा लीजिये... बड़ी मुश्किल से मैं यहां तक पहुंच पाया हूं... मैं यह सारा धन आपको दे दूंगा।
धन का लालच मत दो बेटा क्योंकि संसार का सबसे बड़ा धन मानवता और पुण्य है जो हमारे पास है। तुम शरण आये हो तो... जरूर तुम्हारी रक्षा होगी।

मां-आप भी सबकी बातों में आ जाती हो।
यह मेरी बेटी कामनी है एक ही बेटी है।
मुझ पर शक मत करो लड़की - मैं सचमुच मुसीबत में हूं।

लेकिन तुम्हें यह यकीन कैसे आ गया कि हम तुम्हारी जान बचा सकते हैं?

बस्ती के बाहर एक फकीर मुझे मिला था उसीने मुझे बताया कि इस घर के लोग मुझे बचा सकते हैं।
मैं तुम्हें बचा सकती हूं लेकिन एक शर्त पर... तुम्हें मुझे बहन बनाना होगा।

बहन!
हां-मेरा एक भाई था... आंधी तूफानों का मुकाबला करने वाला दिलेर भाई- बस कुछ हत्यारोंने उसे हमसे छीन लिया...

...और अब उस भाई की जगह पूरी करने वाला मुझे वैसा ही भाई चाहिये...
...वैसे तो अबतक मेरे बहुत से भाई बन चुके हैं- लेकिन वह बात मुझे अब तक किसी में नजर नहीं आई जो मेरे भाई में थी...।
अगर तुम मुझे इस लायक समझती हो तो मुझे तुम्हारा भाई बनकर फख्र होगा।
क्या विशेषतायें थी उसकी?

...लेकिन दल में एक गद्दार पैदा हो गया और उसने धोखे से मेरे भाई को मरवा दिया– हमने इसका कोई गम नहीं किया... और मैंने अपने भाई की जगह संभाल ली...

...काश! मेरे भाई जैसा नेतृत्वशाली भाई मुझे मिल जाये तो यह दल फिर से गठित हो सकता है और देशद्रोहियों के खिलाफ भरपूर जंग लड़ी जा सकती है – बस यही मेरे जीवन का उद्देश्य है।
तुम्हारे भाई का क्या नाम था?

वैसे तो उसका नाम नारायण था लेकिन वह काला चीता के नाम से जाना जाता था
काला चीता!

हे भगवान। काला चीता की हत्या तो मेरे हाथों हुई...
क्यों – तुम परेशान क्यों हो गये?

ऐसी कोई बात नहीं- दरअसल यह नाम मैंने कहीं सुना था...।
मैं तुम्हें पास के जंगल में अभी उन्हीं तिलिस्मी खंडहरों में छिपा दूंगी, वहां कोई डाकू तुम तक नहीं पहुंच सकता।

उस लड़की ने मुझे अपना भाई बनाकर बिल्लोरी के जंगल में छिपा दिया और उसी प्रकार मुझे रवाना भेजती रही जैसे दूसरे जासूस को...।

मैं अपना काम खत्म करके वहां से भाग निकला
यानि तुमने उस जासूस की हत्या कर दी।
हां-मेरी तरह वह भी कामनी का भाई बना हुआ था।
तुमने बहुत बुरा किया!

हां-इस बुराई की वजहसे कई रातों तक मुझे नींद नहीं आई फिर एक दिन मुझे मालूम हुआ कि कामनी को पकड़ लिया गया।
कामनी को क्यों पकड़ा गया?

बुलडाग के आदेश पर! उसे शक था कि जासूस ने उस लड़की को कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां दी हैं।

कामनी को यातनायें देकर इसकी पूछ-ताछ की जाती रही-फिर उसकी हत्या कर दी गयी...
तुम्हारी आंखों के सामने हत्या की गयी?
मैं शराब के नशे में था लेकिन उसके बावजूद मुझे उसकी चीखें आज तक याद हैं।

नीच आदमी! तुम अपनी बहन को नहीं बचा सके...!

इसीलिये कहता हूं नागराज! तुम मेरा कत्ल कर दो... हां मैं अपनी बहन का हत्यारा हूं।

अगर तुम उसे बचा नहीं सके तो फिर तुम्हें इसका भरपूर बदला लेना चाहिये था।
इसके लिये धन, ताकत, और गिरोह की जरूरत मुझे महसूस हुई-क्योंकि मैं अकेला उनके सामने चींटी समान हूं-इसीलिये मैं तुमसे मूर्ति हासिल करना चाहता था।

क्या उन लोगों को मालूम है कि तुम विद्रोह पर उतर आये हो?
नहीं- इसका उन्हें कतई एहसास नहीं, वे तो मुझसे शराबी और निकम्मा समझकर अब कोई काम नहीं लेते।

एक बात याद रखो रोमो... अब तुम सिर्फ इसलिये जिन्दा हो क्योंकि तुम्हें कामनी का सपना साकार करना है

इस खेल में तुम विभीषण की भूमिका अदा करोगे और मैं राम की। इस तरह रावण की लंका भस्म हो जायेगी।

अभी हम शेखू के पास चल रहे हैं- लेकिन उसे हमारी योजना का पता नहीं चलना चाहिये
अब मुझे फिर शराब की तलब महसूस हो रही है।

दोनों वापिस उसी बस्ती में लौट आये
हम रात के अंधेरे में शेखू तक पहुंचेंगे।

बस्ती में अंधेरा फैल गया
अब यह शराब पीनी बन्द करो और मुझे शेखू के पास ले चलो।
हां- अब तक वह अफीम की खेती से लौट चुका होगा।

यह जो गोल घेरे में झोपड़िया बनी हैं–सब शेखू की हैं– इसके बीच एक बड़ा दालान है जिस पर शेखू का मकान खड़ा है।

इस गेट से अन्दर जाया जाता है।
गेटपर स्टेनगन-धारी खड़े हैं।

वहीं रुक जाओ कौन हो तुम लोग?
अबे मैं रोमो हूं गधे की औलाद! तुम सबका बाप...
यह शराबी बासका मुंह लगा है– लेकिन इसके साथ कौन है?

यह मेरा भाई है काम मांगने आया है। रोमो की इतनी बेकदरी कि तुम उसे रोकने की हिम्मत कर सको...
जाने दो- इससे मुंह क्यों लगते हो
ठीक है जाओ!

शेखू दालान में बैठा था।
रोमो आया है बास... अपने भाई को साथ लाया है।
उसे यहां भेज दो!

मैं रोमो का भाई नहीं हूं और तुमसे अकेले में बात करना चाहता हूं!
क्या मतलब? कौन हो तुम?

नागराज!
नागराज!?

सबूत चाहिये तुम्हें इसका?
नहीं मुझे इसकी जरूरत नहीं, रोमो किसी गलत आदमी को यहां नहीं ला सकता।

तुम सब लोग नागराज के स्वागत के लिये जश्न की तैयारी करो...।

हम तुम्हें तलाश कर रहे थे नागराज! रोमो तुम्हें कहां मिला?
करीब के जंगलों में रास्ता भटक गया था। वहीं रोमो मुझसे टकरा गया और फिर मुझे यहां ले आया।

मूर्ति कहां है?
फिलहाल मैंने उसे कहीं छिपा दिया है उसकी वजह से एक जादूगर मेरे पीछे पड़ गया था।

उस जादूगर की वजह से हम पहले भी बहुत नुकसान उठा चुके हैं- मूर्ति उसके हाथ तो नहीं लगी।
नहीं- लेकिन फिलहाल उसे हासिल करना भी सम्भव नहीं है।

इस समय सबसे आवश्यक काम है मेरी बुलडाग से मुलाकात होना। और उसकी व्यवस्था तुम कर सकते हो।

मैं हेडक्वार्टर को तुम्हारा संदेश पहुंचा दूंगा- फिर जैसा आदेश ऊपर से प्राप्त होगा, उसी के अनुरूप काम किया जायेगा।

नागराज के स्वागत में जश्न मनाया गया।
तुम्हारे संबंध में बहुत चर्चा सुनी है नागराज- क्या अपनी कला का प्रदर्शन करोगे?
मैं अपनी कला को सार्वजनिक प्रदर्शनि की चीज नहीं समझता।

हैल्लो... शेरवू ग्रुप नम्बर फाईव ऑन द लाईन ओवर!
हेडक्वार्टर जीरो... कन्ट्रोल स्टेशन ओवर!

नागराज आ गया है स्टेशन फाईव में मौजूद है और सुपर बास से मुलाकात करना चाहता है ओवर...
जवाब का इंतजार करो... ओवर...

कुछ समय उपरान्त —
सुपर बास का हुक्म है कि नागराज को खत्म कर दो।
नागराज को खत्म... हैल्लो... मेरे कानों को धोखा तो नहीं हुआ?

नागराज ने हमसे गद्दारी की है- उसे खत्म कर दो ओवर एन्ड ऑल।
!?

शेरवू ने अपने वफादार साथियों को तुरंत बुलाया।
चारों तरफ मोर्चा बन्दी करदो नागराज किसी भी रास्ते से निकलने न पाये उसे खत्म करने का ऐलान है।
ओ.के. बॉस!
वह बचकर नहीं निकल सकता

फिर शेखू ने रोमो को तलब किया।
बहुत दिनों से मैंने तुमसे काम नहीं लिया... क्या तुम्हारी ताकत आज भी बरकरार है या शराब ने तुम्हें खोखला कर दिया?
काम बताओ उस्ताद। और काम की कीमत बताओ ... तुम्हें आम खाने से मतलब होना चाहिये - पेड़ गिनने से नहीं।

तुम्हें नागराज की हत्या करनी है।
क्या?
वह तुम पर यकीन करता है - तुम उसे आसानी से ठिकाने लगा सकते हो।

और अगर वह तुमसे बच निकला तो बाहर दूसरे लोग उसके स्वागत के लिये तैयार मिलेंगे- एक लाख रुपया नगद मिलेगा।
एक लाख रुपया! इसके लिये तो मैं अपना भी कत्ल कर सकता हूं।

लेकिन क्या मैं पूछ सकता हूं यह फैसला अचानक कैसे हुआ?
सुपर बॉस का आर्डर आया है।

रोमो नागराज के पास पहुंचा जो एक झोपड़ी में शेखू का मेहमान बना हुआ था।
तुम्हारे कत्ल का फरमान लेकर आया हूं।
इसका मतलब भेद भेद नहीं रहा...।

इतनी जल्दी शुरुआत हो जायेगी, मुझे उम्मीद नहीं थी।

तुम मुझे जख्मी करके यहां से भाग निकलो और मैं बताता हूं कि भागने के लिये तुम्हें कौनसा रस्ता अपनाना है।
नहीं रोमो! जिन लोगों को मालूम हो चुका है कि नागराज ने गद्दारी की है वे तुम्हारी गद्दारी से भी वाकिफ होंगे इसलिये मैं तुम्हें साथ लेकर ही जाऊंगा।

अगर उन्हें मेरी गद्दारी का पता चल गया था तो फिर उन्होंने मुझे तुम्हारे कत्ल के लिये एक मोटी रकम की पेशकश क्यों की?
इसका जवाब मैं तुम्हें दूंगा।

ओह! शेरवू!! तुम हमारी बातें सुन रहे थे!
मैं अपने कमरे में बैठकर भी तुम्हारी बातें सुन सकता था, देखो इस गुलदस्ते में क्या है?

माइक्रोफोन। मैंने कच्ची गोलियां नहीं खेली हैं नागराज- आश्चर्य इस बात का है कि रोमो को तुमने अपने फरेब में कैसे ले लिया!

डोन्ट मूव... मेरे साथ सच्चे निशाने-बाज हैं।

मेरा ख्याल था कि एक लाख के लालच में रोमो तुम्हें कत्ल कर देगा या फिर तुम रोमो को कत्ल कर दोगे -फिर तुम में से एक रहेगा - जिसे बाहर निकलते ही गोलियों से भून दिया जायेगा।
लेकिन तुम तो कहते थे कि सुपर बास का हुक्म है?

सुपर बास के हुक्म के बाद ही तो मुझे तुम्हारी गद्दारी का अहसास हो गया रोमो... बहरहाल - अब दोनों मरने के लिये तैयार हो जाओ।
रे टा टा टा

अपने साथियों पर सांपों का हमला होते देख शेख भाग खड़ा हुआ।

उनकी गोलियां मेरा पीछा करेंगी... मैं उनका सारा ध्यान अपनी तरफ केन्द्रित रखूंगा... और इस बीच तुम फरार हो सकते हो।
मैं पीठ दिखाकर भागने वालों में से नहीं हूं – तुम्हें यहां अकेले छोड़कर नहीं भाग सकता उस्ताद! अभी मेरा भी कमाल देखो।

ओह! नागराज तो सांप की तरह तेजी से रेंगता निकल गया!

मुझे भी अपनी कला का प्रदर्शन करना चाहिये।

और–
रेटाटा...टा टा
धांय
धड़ाम

इधर रोमो छप्पर फाड़ कर कूदा और-
धाड़ईई
ठाक

उधर
फुस्स

रे टा...टा...
फुस्स
जिप्प

ठाक
ठाक
तड़ाक

शेख के अड्डे पर तबाही के बादल मंडराने लगे।
ले अब आग का खेल देख...

सांय
स्सांय
स्सांय
स्सांप

तभी-
शेखू भाग रहा है!
मगर

शेखू को नागराज के नाग ने रोक लिया।
ब... बापरे... स... सांप...

बस्ती में शोर मच गया — लोग बस्ती छोड़कर भागने लगे... झोपड़ियां भीषण आग की लपटों में घिर चुकी थीं।
तू जिन्दा रहकर हमारे काम आ सकता है।

रोमो अब तक नहीं आया...
मैं यहां पहले से तुम्हारा इंतजार कर रहा हूं उस्ताद!

तुम यह थैले में क्या भर लाये ?
कीमती शराब की बहुत सी बोतलें मिल गयी– मैं समेट लाया।

किसी सुरक्षित जगह चलो।
झींगा गार से अधिक सुरक्षित जगह कोई नहीं।

दोनों झींगा गार पहुंच गये
शेखू डर के मारे बेहोश हो गया है, इसे होश में लाओ।

यह कुत्ता होश में आ गया उस्ताद !
मेरी आंखों में देख शेखू... शाबास...

अब तू मीठी नींद सो जा...

नागराज ने शेरवू को अपनी सर्पीली आंखों से सम्मोहित कर डाला।
बुलडाग के आधीन कितने स्टेशन काम कर रहे हैं?
सात...
सातों की पूर्ण जानकारी दो
सम्मोहित अवस्था में नागराज ने शेरवू से बहुत सी बातों की जानकारी हासिल कर ली।
उस्ताद! तुम तो जादूगर भी हो!
शेरवू जैसे छः बास और हैं जो बुलडाग के आधीन काम कर रहे हैं।
इस तरह बुलडाग के गिरोह की रीढ़ में छः जोड़ और बाकी हैं पहले हम इन जोड़ों को तोड़ेंगे।
उसके बाद रीढ़ की हड्डी टूट जायेगी।
यह गार मुझे बेहद पसंद आया। शेरवू को यहीं कैद रहने दो।
मैं भी अपने कैदी यहीं रखना पसंद करता हूं।

अगली सुबह—
यहां से सबसे करीब स्टेशन नम्बर चार पड़ता है। पूरा नक्शा तुम्हारे दिमाग में आ गया होगा रोमो, तुमने यह इलाका घूमा हुआ है।
हां–स्टेशन चार डिब्बू पहाड़ी पर है

वे लोग डिब्बू पहाड़ी की ओर रवाना हो गये।

उधर बुलडाग के हेडक्वार्टर में खलबली मच गयी।
तुम सब लोग मुझे मनहूस खबरें सुनाने आये हो।
सुपर बास! हम आपको किसी भ्रम में नहीं रखना चाहते।
नागराज हमारे सभी अड्डों पर कहर ढाता बढ़ रहा है

और उसका रुख बुलडाग की तरफ है– यानि मेरी तरफ यही ना?
उसकी गति विधियां यही संकेत दे रही हैं
हर प्रकार का सुरक्षा कवच, हथियार सब उसके सामने नाकारा है

इसके अलावा हमारा एक गद्दार साथी रोमो उसका साथ दे रहा है।
इस तरह तो वह तुम सबको बर्बाद कर देगा।

मैंने उसकी कलाओं का प्रदर्शन देखा है। वह है ही इस योग्य कि हर सुरक्षा कवच को तोड़ सके। हजारों सांप उसके स्नायुओं में जीते हैं... हमारे पास ऐसी कोई मशीन नहीं है जो नागराज को रोक सके...

...फिर भी एक इंसान ऐसा है जो उसकी रोकथाम कर सके। प्रोफेसर नागमणि..। रेडियो फोन पर नागमणि से हमारी बात कराओ।

प्रोफेसर नागमणि हमने पैसा देकर तुम्हारा हथियार खरीदा था और वह हमें ही डस रहा है।
नागराज ऐसा नहीं कर सकता पूरी बात बताओ...

इस मशीन में नागराज का दिमाग कैद है - अभी सारी स्थिति साफ हो जायेगी।

बुलडाग ने नागमणि को फोन पर सारी बातें संक्षेप में बता डाली।
होल्ड अप करो-मैं अभी पता लगाता हूं कि नागराज कहां है और क्या कर रहा है।

ओह! इस मशीन से तो उसका सम्बन्ध- विच्छेद हो गया। इसका मतलब वह मेरे कंट्रोल से बाहर हो गया है...

... माइ गॉड! मेरी मेहनत पर पानी फिर गया।

अब तुम्हारी भलाई इसी में है कि अपने सभी बचे-खुचे अड्डों को खाली कर दो... नागराज अब मेरे कंट्रोल में नहीं रहा।
बेवकूफ गधा!

सबसे पहले तो नागराज ने यह गद्दारी की कि मूर्ति चुराकर भी हमें नहीं दी। हमने दंगा भड़काना चाहा वो भी नाकाम हो गया।

इस नागमणि ने भी हमारे साथ धोखा किया है... मैं इन सबको चुन-चुन कर मारूंगा...
सुपर बास! सातवां अड्डा भी तबाह हो गया!

उफ!
इसका मतलब
अब वह इस जगह से
अधिक दूर नहीं।

सब लोग हेडक्वार्टर
खाली करके कम्पाली
दर्रे में फैल जाओ!

नागराज बुलडाग के हेडक्वार्टर तक पहुंचा।
रोमो
यहां बड़ी अजीब
सी खामोशी
है।
हां-फाटक भी
चौपट खुला है।

वाह! क्या स्वागत है...
वीराना ही वीराना...

फाटक बन्द हो
गया!
और चार दीवारी पर भी
बिजली का करन्ट
प्रवाहित कर दिया गया
होगा।

लेकिन यहां तो कोई भी नजर नहीं आ रहा उस्ताद।
लेट जाओ।

धड़ाम

धुम्म धड़ाम
फाटक या चारदीवारी को मत छूना।

हमारे ऊपर मिट्टी और पत्थरों का रेला उड़ा आ रहा है।

धड़ाम
फिलहाल इस गड्ढे में कूद जाओ।

इस गड्ढे से बाहर निकलो वरना हमारी कब्र यहीं बन जायेगी उस्ताद।
अगर हम बाहर निकले तो हमारे चिथड़े उड़ जायेंगे।

उन्होंने हर इंच पर मौत बिछा दी है... और हम पर उनकी नजर है... सब कुछ दूर से कंट्रोल हो रहा है।

ओह! जमीन में भूकम्प... मिट्टी और पत्थरों का रेला... जमीन पर दरारें पड़ रही हैं।

बस हमारा किस्सा खत्म हो गया उस्ताद! मैं आखरी बोतल मुंह से लगा लूं।

क्या नागराज इस कब्र से बाहर आ सकेगा...?
नागराज की कब्र
SANJAY ASHTAPUTRE
राज कॉमिक्स के आगामी सेट में पढ़िये–'नागराज का बदला'

राज
कॉमिक्स
संख्या 0026
नागराज का बदला
इस कॉमिक के साथ नागराज
का एक पोस्टर मुफ्त
TM
नागराज सीरीज
PRATAP
MULICK

नागराज का बदला

चित्रकथा: परशुराम शर्मा
चित्रांकन: संजय अष्टपुत्रे
सम्पादन: मनीष चंद्रगुप्त

इस मीटिंग में जितने भी लोग मौजूद हैं, वह कम्पाली रियासत के सर्वशक्तिमान व्यक्ति हैं और सब मेरे साथी हैं।
तुम लोग कम्पाली के राजघराने को क्यों नजर अंदाज कर रहे हो ?

राजघराना सिर्फ नाममात्र का है। रियासत की देख-भाल हमें ही करनी पड़ती है।

किल्लौल, मेरे दोस्त! क्या तुम कम्पाली की प्रगति में मुझे साझीदार बनाना चाहते हो ?
आप ठीक समझे मिस्टर बुलडाग! मैंने महाराजा से आपको यह भू-भाग इसीलिये दिलवाया है क्योंकि आप यहां की विकासशील योजनाओं पर पूंजी लगायेंगे।

हम पूंजी लगाने के लिये तैयार हैं - उसकी रूप-रेखा हमने तैयार कर ली है। अभी तक हम यहां से सिर्फ अफीम का कारोबार कर रहे थे।...

...लेकिन अब हम यहां हथियारों की फैक्ट्री लगायेंगे, क्योंकि हथियार सबसे अधिक मुनाफे का धंधा है।...

और कम्पाली रियासत इस कारोबार में हमारी साझीदार होगी। इसके शेयर कम्पाली के बाजारों में फैलाना तुम्हारा काम होगा।...

...और तुम्हारा बोनस अलग होगा। महामंत्री किल्लौल, कागजात पर हस्ताक्षर करवाना तुम्हारा काम होगा।
आल राइट! अब आप यह सब मुझ पर छोड़ दें।

मीटिंग समाप्त होने के बाद —
किल्लौल इस रियासत का महाराजा बनने का ख्वाब देख रहा है। यह सबसे महत्वपूर्ण बात है... लेकिन इस काम की शुरुआत तब होगी जब महाराजा पूरी तरह मेरी मुट्ठी में आ जायेगा।

हमारे आदमी हैड क्वार्टर के मलवे से नागराज की लाश निकाल लाए हैं।
ताबूत को किले के स्ट्रांग रूम में पहुंचा दो।

कुछ देर बाद—
ताबूत स्ट्रांग रूम में पहुंचा दिया गया है सुपर बास!

डाक्टर सिमलो... तुम्हें नागराज के शव का पोस्टमार्टम करना है, और इसकी पूरी रिपोर्ट तैयार करनी है। अब डेड़ बाडी के परीक्षण में कोई कोताही नहीं होनी चाहिये।...

...हम नागराज जैसा ही आदमी तैयार करेंगे.. बशर्ते कि हमें उसकी आंतरिक क्रिया की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त हो जाये।
मैं आपका सार समझ गया... आप चिन्ता न करें मुझे इस काम का पूरा अनुभव प्राप्त है।

ड्रांग रूम में डाक्टर सिमटो ने परीक्षण किया।
यह शत-प्रतिशत मृत है। डेड बाडी को आप्रेशन रूम में पहुंचा दो।

नागराज को स्ट्रेचर द्वारा आप्रेशन रूम में ले जाया गया।

आप्रेशन रूम में डाक्टर सिमटो आप्रेशन के लिये तैयार था।
अगर मैंने इसके मुकाबले का ऐसा ही शक्तिशाली मानव तैयार कर दिया तो मैं सबसे बड़ा दौलत मंद इन्सान कहलाऊंगा।

सबसे पहले इसके ब्रेन का आप्रेशन होना चाहिये।

नागराज की आंखें खुल गयीं और सम्मोहन की एक प्रचंड लहर डाक्टर सिमटो की आंखों को भेदती चली गयी।
उफ्फ, मेरी आंखों के आगे अंधेरा छाता जा रहा है, सिर चकरा रहा है।

डाक्टर सिमटो ने नागराज को अपने मस्तिष्क में महसूस किया।

तुम्हारी जिन्दगी मेरी मुट्ठी में है। तुम मेरे गुलाम हो... नागराज के गुलाम।

मेरी जहरीली फुंकारें तुझे जलाकर खाक कर देंगी डाक्टर सिमटो... बोल जिन्दा रहना है या नहीं?
हां... हां... मुझे जिन्दा रहना है।

तो अब वह करो जो मैं कहता हूं।

मेरे अंदर ऑक्सीजन का स्टाक बहुत कम रह गया है, सबसे पहले ऑक्सीजन देकर स्टाक पूरा करो...

नागराज ने सम्मोहन क्रिया द्वारा सिमटो को अपने बस में कर लिया। सिमटो के मस्तिष्क में वह अपने विचार योगी महात्मा द्वारा जागृत टेलीपैथी प्रक्रिया से उत्पन्न कर रहा था।

तुम मेरी डेड-बाडी का निरीक्षण करोगे, और रिपोर्ट भी तैयार करोगे... यह रिपोर्ट और तुम्हारी कार्य-प्रणाली मेरी इच्छानुसार होगी।

सिमटो अपने कार्य में लग गया, परन्तु उसके हाथ नागराज के निर्देश पर कार्य कर रहे थे।

अब तुम्हारा काम पूरा हो गया। बुलडाग से कहो कि यदि मेरा शव किसी दरिया में न बहाया गया तो मेरे मांस के सड़ने से जल्दी ही ऐसी गैस निकलेगी जो कइयों की जान ले लेगी।

हां- इसके शव को तुरन्त किसी दरिया में बहा डालो ताकि कम्पाली की सीमा से दूर कहीं इस गैस का प्रकोप हो।
ठीक है उसे पहाड़ी दरिया डोंग में बहा दिया जायेगा।

डोंग ब्रहमपुत्र से मिलने वाली नदी है। नागराज के शरीर की गैस ब्रहमपुत्र में फैलेगी तो आसाम पर ही प्रभाव पड़ेगा, और हम इसका लाभ उठायेंगे
ओ.के. सुपर बास हम उसे आजही डोंग नदी के हवाले कर देंगे।

नागराज को डोंग दरिया में फैंक दिया गया।

कुछ देर तैरने के बाद नागराज एक बस्ती में पहुच गया-
इस बस्ती में चीख-पुकार और शोर कैसा ?

क्या बात है! यह भगदड़-चीख-पुकार और शोर क्यों?
कामरु आया है कामरु... आज फिर जवान् लड़कियों की छंटनी हो रही है।

कामरू ? जवान लड़कियों की छंटनी ? कौन है यह शख्स, और जवान लड़कियों की छंटनी क्यों कर रहा है।
एक वहशी दरिन्दा, विदेशी लोगों की ऐयाशी के लिये हमारी बस्तियों से लड़कियां उठा कर ले जाता है।

हमने इसकी शिकायत महाराजा से करनी चाही। जो भी शिकायत के लिये बढ़ा उसके खान-दान तक का जड़ से सफाया कर दिया गया।

जब भी उसे पता चलता है कि बस्ती की कोई लड़की जवान हो गयी है तो वह उसे उठा कर ले जाता है।

बचाओ
कोई मर्द है इस बस्ती में जो मेरी बेटी को बचा सके।

तुम सब बुजदिल हो। मेरे साथ आओ, मैं देखता हूँ।

रुक जाओ! और इस लड़की को छोड़ दो!..
हे...हे...हे... गोली से उड़ा दो रे इसे बहुत बोलता है।
धाँय धाँय
स्साँय
तुम्हारी बन्दूकें मेरे कदमों में ढेर हो गयी हैं, आगे बढ़ो, और उठाओ अपने हथियार!
उफ्फ! कोई सांप मेरे हाथ से बन्दूक छीन कर ले गया था!
यह कोई जादूगर मालूम पड़ता है।

हमला कर दो... बोटियां उड़ा दो इसकी!

ढाक
ढाक

ढाक
तड़ाक

कामरू! तेरे आदमी तो जमीन सूंघ रहे हैं...!

पुराने दांव-पेचों का जानकार है।

ढिशुमऽऽ

बस्ती वालों ने नागराज को कंधों पर उठा लिया

मेरा नाम नागराज है... और मैं वायदा करता हूं कि आज के बाद कोई कामरू इधर का रुख नहीं देखेगा।
उधर महामंत्री किल्लौल को पता चला—

भैया! तुमने मेरी अस्मत बचा ली... मैं किस तरह तुम्हारा एहसान उतारूंगी...
नागराज कभी किसी पर एहसान नहीं करता बहन।

क्या कहा, कामरू मारा गया, किसने मारा कामरू को?
नागराज नाम है उसका।
नागराज!

दो दिन बाद—
नागराज ने हमारे गुलाम मजदूरों को आजाद कर दिया और अफीम की खेती तहस-नहस कर डाली।
नागराज! नागराज!!

गुलामों की बस्तियों में नागराज की पूजा होने लगी है, उसे लोग देवता समान मान रहे हैं जो उनके उद्धार के लिये आया है।
उफ्फ!

सारे कम्पाली रियासत में नागराज तूफान की तरह हमारे हर ठिकाने पर हमले कर रहा है।
हुजूर! कहीं यह वही नागराज तो नहीं जिसका जिक्र मिस्टर बुलडाग की जुबान पर होता था?

किल्लौल ने तुरंत बुलडाग से सम्पर्क किया-
नागराज मर चुका है... यह कोई और व्यक्ति है जो नागराज के नाम का लाभ उठा रहा है।
आपको पूरा यकीन है कि नागराज मर चुका है?

तुम्हें यकीन नहीं- लो अभी प्रमाण देता हूं।
डाक्टर सिमलो तुरन्त यहां आओ।

तुरन्त ही डाक्टर सिमलो हाजिर हो गये।
मेरी रिपोर्ट को कोई चैलेंज नहीं कर सकता सुपर बास...
सुन लिया आपने मिस्टर किल्लौल यह किसी की साजिश है...।

हो सकता है महाराजा को तुम्हारी योजना की गंध मिल गयी हो- और उन्होंने तुमसे निपटने के लिये नागराज का हव्वा खड़ा कर दिया हो।
मैं इस सम्बंध में अपने जासूसों को निर्देश दे चुका हूं।...

...उनकी रिपोर्ट के अनुसार ऐसा कुछ नहीं है।
किसी तरह उसका हुलिया फोटो और काम करने का तरीका ज्ञात करो, उसके ठिकाने का पता लगाओ
किल्लौल के जासूस दिन-रात उसी काम पर लग गये।
मैं बहुत गरीब आदमी हूं - मेरा घर-बार कुछ बदमाशों ने उजाड़ दिया... मैं नागराज की तलाश में भटक रहा हूं। कोई मुझे उसका पता बता दो।

आओ, मैं तुम्हें नागराज से मिला दूं मैं जानता हूं वह कहां है।

इस गुफा में रहता है! अन्दर चले जाओ, वह तुम्हारी मदद जरूर करेगा।

इस बेचारे को क्या मालूम खुद नागराज इसे यहां तक लाया है।

बोलो, मैं ही नागराज हूं मैं तुम्हारी क्या मदद कर सकता हूं?
हजूर, माई-बाप मेरी रक्षा करें।

जासूस ने स्पाई कैमरे से नागराज का फोटो खींच लिया जो उसने पोशाक में छाती से लगाया हुआ था।
मैं लकड़हारा हूं, जंगल में मेरी कुटिया है...कुछ बदमाश पहले मेरी जवान लड़की को उठाकर लेगये फिर...

उसने नागराज को एक फर्जी कहानी सुना डाली।
ठीक है-मैं तुम्हारी झोपड़ी में दो दिन बिताने आऊंगा, और तुम्हारी छोटी लड़की वहीं रहेगी!

जासूस वापिस किल्लौल के पास पहुंचा।
कल वह पोरवर के जंगल आ जायेगा। उसने दो दिन वहां रहने का वादा किया है... मैंने कहा था कि बदमाश मेरी बड़ी लड़की को उठाकर ले गये हैं और छोटी लड़की की फिराक में हैं।

और यह रहा उसका फोटो
अब देखता हूं वह पोरवर के जंगल से किस तरह निकल पाता है।

किल्लौल ने अपनी योजना तैयार कर ली।
लड़की सुवांगनी! तुम्हें उस लकड़हारे की छोटी लड़की बनकर जंगल की कुटिया में नागराज के साथ रहना है।

हुजूर, सुवांगनी एक विषकन्या है जो मर्द किसी के काबू में नहीं आता, सुवांगनी उसे बड़े सलीके से परलोक पहुंचा देती है। आप बस हुक्म करें, बाकी काम सुवांगनी खुद कर लेगी।

मुझे यकीन है बुगरासी, इसीलिये तुम्हारी सेवा प्राप्त की है – सुवांगनी का काम होगा नागराज को परलोक पहुंचाना।

और अगर सुवांगनी सफल न हो सकी तो तुम्हारी गुरिल्ला फौज उसे ठिकाने लगायेगी।

उसके बावजूद भी नागराज बच गया तो वह महाराजा का दुश्मन होगा - क्योंकि उस पर हमला करने वाला सरकारी फौज का दस्ता होगा।

नागराज पेरवर से जंगल की ओर रवाना हुआ -

मैं कम्याली रियासत का दामन पाक साफ करके ही जाऊंगा।

वाह! मेरा अभिवादन कर रहे हैं।

शान्त हो गयी।
आप विश्राम कीजिये, यात्रा की थकान मिटा लीजिये, मैं रातभर पहरा दूंगी।
नहीं तुम बेफिक्री से सो जाओ, मुझे पहरे की जरूरत नहीं।

यह सो रहा है, अब मुझे इस पर हमला कर देना चाहिये।

सुवांगनी ने हमला कर दिया।
ऐ... दूर हटो... क्या कर रही हो?
बस एक बार इसे काटूंगी तो जहर इसके खून में पहुंच जायेगा और यह तड़प-तड़पकर मर जायेगा।

बस मेरा काम खत्म हो चुका, तुम्हारी मौत हो चुकी।
बस कम्बख्त ने मेरी गर्दन पर काट खाया अब यह नहीं बचेगी!

उफ्फ! मेरी देह जल रही है... म... मैं...
अफसोस तुमने नागराज को काटा... अब तुम नहीं बच पाओगी, मेरे शरीर में हजारों नागों का जहर है।

म... मैं मर रही हूं...
बताओ, तुमने ऐसा क्यों किया?

म... मैं विषकन्या हूं... महामंत्री किल्लौल... आह, मुझे बचाओ! मुझे माफ कर दो नागराज!
अगर तुम साधारण होती तो मैं तुम्हें बचाने की कोशिश भी करता... लेकिन तुमने न जाने कितने लोगों को इसी तरह मारा होगा... वह लकड़हारा कौन था?

सुवांगनी ने दम तोड़ दिया।
ज... जासूस..

और नागराज के जहर से सुवांगनी की देह पानी की तरह पिघलने लगी।
मुझे जिन्दगी में पहली बार अहसास हुआ कि मेरे शरीर में इतना घातक जहर भी मौजूद है।

सुबह होते ही नागराज झोपड़ी से बाहर निकला।
अब मुझे महामंत्री किल्लौल को सबक पढ़ाना चाहिये!

जैसे ही नागराज आगे बढ़ा—
रटा...टा.. टा...

मेरी छठी इन्द्री ने खतरे की गंध पा ली थी।
पूरा जंगल फायरिंग की आवाज से दहल उठा।
धांय
धांय
धांय
धांय
यह तो सरकारी वर्दी के सैनिक हैं जो मुझे घेरकर मारने की कोशिश कर रहे हैं।

पूरे जंगल की मोर्चा-बंदी है। वे लोग पेड़ों पर मचान बनाये बैठे हैं।
नागराज नागरस्सी द्वारा एक पेड़ से दूसरे पेड़ पर उड़ने लगा।
फुस्स
आऽऽ
फुस्स
फुस्स
फुस्स

जैसे ही हेलीकाप्टर नीचे झुका और करीब आया, नागराज की नागरस्सी कॉप्टर पर लपक पड़ी।

रस्सी काट दो...
वह देखो... वह हेलीकाप्टर पर एक रस्सी द्वारा चढ़ रहा है।
आऽऽ
फुरर्र
फुरर्र
मैं तुम्हारे हेलीकाप्टर में आ गया हूं।
धड़ाम
चलो, अब तुम मेरे गुलाम हो।

ओह! नागराज ने हेलीकाप्टर पर कब्जा कर लिया है और वह इसी तरफ आ रहा है।
मुझे तुरन्त बुलडाग से सम्पर्क स्थापित करना चाहिये।
महामंत्री किल्लौल निजी हेलीकाप्टर से बुलडाग के किले की ओर रवाना होगया।
वह कम्पाली दर्रे के पुराने किले में उतरा।
सुपर बास! महामंत्री किल्लौल इसी समय आपसे मिलना चाहते हैं।
भेज दो!
REPORT
यह नागराज का फोटो है... और उसके सम्बन्ध में अन्तिम रिपोर्ट

इस रिपोर्ट और फोटो से इस बात की पुष्टि होती है कि वह नागराज ही है, ओ गॉड! ऐसा कैसे सम्भव है?

इसका मतलब उसने डाक्टर सिमटो को भी धोखा दिया! कमाल तो यह है कि हम शार्ट सार्किट टी.वी. पर डाक्टर सिमटो की शल्य क्रिया भी देख रहे थे...

...निश्चय ही नागराज राजमहल पहुंचेगा। किल्लौल तुम उससे सन्धि कर लो।
वह किस तरह, किन प्रस्तावों पर?

तुम उस पर जाहिर करो कि कम्पाली में बुलडाग नामक व्यक्ति ने आतंक फैला रखा है और राजकीय फौजें भी उससे जा मिली हैं। मेरे मामले को लेकर वह तुम्हारे साथ होगा

उसे अपने विश्वास में ले लो- उसका स्वागत करो और फिर इस पुराने किले पर हमला कर दो...

बुलडाग ने किल्लौल को पूरी योजना समझा दी।
तुम यहा फतह पाओगे- बस उसके बाद उसे कम्पाली में कोई राजकीय पद देदो, और फिर... वह होगा जो हम चाहेंगे क्योंकि वह हमारा आदमी बन जायेगा
किल्लौल वापिस राजमहल पहुंच गया।
यह नगरवासियों की भीड़ कैसी?
सब लोग महाराजा से फरियाद करने आये हैं और उनका नेतृत्व नागराज कर रहा है।
तुरन्त ही किल्लौल दरबार में पहुंचा।
आइये महामंत्रीजी, पधारिये और सुनिये यह नगरवासी क्या-क्या शिकायतें लेकर आये हैं, हमें इन बातों की कानों कान खबर नहीं हुई।

मुझे सफाई का अवसर दिया जाये महाराज... मैं मानता हूं कि बस्ती के लोगों के आरोप सही हैं... परन्तु...इसके पीछे आप ही के एक विदेशी मेहमान का हाथ है।

अब मुझे मालूम हो गया है कि बुलडाग ने किस तरह हमें शिकंजे में कसा... यह सब उसके गुण्डों का कमाल है जो हमें बदनाम करते रहे हैं।

अगर यह सत्य है तो बुलडाग को कम्पाली की सरहद से बेदखल कर दो।
यह काम इतना आसान नहीं है, उसकी जड़ें बहुत मजबूत हैं, उसे बेदखल करने के लिये एक बड़ी जंग लड़नी पड़ेगी।

हम अपने सैनिकों पर भी विश्वास नहीं कर सकते- क्योंकि उनमें से बहुत से बुलडाग के हाथों बिके चुके हैं।

बुलडाग से निपटने के लिये मैं अकेला ही काफी हूं, मैं इस शैतान को खत्म करने ही यहां आया हूं।
तुम बहादुर अवश्य हो नागराज -लेकिन मैं तुम्हें पुराने किले में अकेले नहीं भेजूंगा... हमारे चुने हुए सिपाही दुर्ग को चारों तरफ से घेरे रहेंगे...

...योजना का अन्तिम रूप हम शाम की बैठक में बतायेंगे।

शाम के समय—
महामंत्री किल्लौल, मैं आपकी योजना जानने आया हूं।...

...और वह योजना तुम मेरी आंखों में झांक कर बताओगे।

नागराज ने किल्लौल को सम्मोहन जाल में फंसा कर वास्तविक चाल समझ ली।

तो यह है असली योजना! नकली बुलडाग को मेरे हाथों मरवाया जायेगा और असली बुलडाग उस समय तुम्हारे साथ जश्न मना रहा होगा।

जश्न की जगह कहां निश्चित की गयी है?
जल महल में...

नागराज ने किल्लौल की योजना पर अमल किया।

और पुराने किले पर एक नाटकीय जंग हुई।

नागराज और महाराजा कौटिल ने फनकारों का भेष धरा और जलमहल की ओर रवाना हो गये।

कुछ ही देर में -

तुम दोनों को बुलाया गया है- चलो...

नागराज महाराजा के साथ जश्न हॉल में पहुंचा -

ऐ जादूगर फनकार! बोलो तुम अपना कौन सा कमाल दिखाने आये हो?

जादू का ऐसा कमाल जो आपने पहले कभी नहीं देखा होगा। हम काला जादू जानते हैं। सबसे पहला कमाल!

आपके मेहमान के चेहरे पर नकली चेहरा है, पहले इसे उतारें... क्योंकि हम बता सकते हैं, इनका नाम है बुलडाग।
!
?

मैंने नकली चेहरा उतार दिया है दोस्त अब बोलो।
दूसरा कमाल! मैं अपने दोस्त को अभी राजा कौटिल बनाऊंगा।

हैं...! कमाल है... यह तो बिल्कुल राजा कौटिल लग रहा है।
और अब मैं अपने आप को नागराज की शक्ल में पेश करता हूं।

नागराज!!
महाराजा कौटिल! क्या जादू है वाह!

गधे के बच्चो! यह जादू नहीं हकीकत है... सिपाहियो, गिरफ्तार कर लो इन दोनों को।
यहां तुम्हारी नहीं मेरी आज्ञा चलती है महाराजा कौटिल... और तुम दोनों की मौत तुम्हें यहां खींच कर लाई है।
पकड़ लो... और कत्ल कर दो इन दोनों का।
ठाक
अब बताओ... सैकड़ों नागों ने तुम दोनों को जकड़ लिया... यह है तीसरा और आखरी जादू...

अगले सैट में पढ़िए –

नागराज की हांगकांग यात्रा

राज
कॉमिक्स
संख्या 0031
नागराज की
हांगकांग यात्रा
नागराज का एक पोस्टर मुफ्त
PRATAP MULICK

संजय गुप्ता पेश करते हैं...
नागराज की हांगकांग यात्रा
लेखक : परशुराम शर्मा
चित्रांकन : संजय अष्टपुत्रे
सम्पादक : मनीष गुप्ता

नागराज आतंकवादी गिरोहों की तलाश में विश्व-भ्रमण पर निकल पड़ा।
AIR PORT
WELCOME

प्लेन में —
कृपया अपनी सीट बेल्टें बाँध लें। विमान उड़ान के लिए तैयार है।
हैलो! माई सेल्फ मिस ताकाशी!
बैठिए!

हांगकांग होकर टोकियो जानेवाले एयर इण्डिया के बोइंग 747 ने निश्चित समय पर उड़ान भरी।
अब आप अपनी सीट बेल्टें खोल सकते हैं...

उफ!
चांगो के आतंकवादियों द्वारा सिल्वर लैण्ड के किंग तोकासा की हत्या... राजकुमारी ताकाशी बचकर भागने में सफल...
??

मिस ताकाशी! कहीं यह सिल्वर लैण्ड की राजकुमारी ही तो नहीं...! मगर यह हांगकांग क्यों जा रही है? वहीं तो एशिया के सबसे बड़े गैंगस्टर चांगो का अड्डा है।

हांगकांग पहुंचने पर एयरपोर्ट के बाहर टैक्सी स्टैण्ड पर–
यह परेशान नजर आ रही है। मुझे इस पर नजर रखनी होगी। शायद इसे मेरी मदद की जरूरत पड़े..!

मिस ताकाशी जिस टैक्सी में बैठी थी... एकाएक दाएं-बाएं से दो व्यक्ति आकर – दोनों ओर के दरवाजे खोलकर उसमें बैठ गए।

नागराज ने तुरन्त ही निर्णय लिया और एक टैक्सी की ओर लपका। और--
जल्दी! उस आगे वाली टैक्सी का पीछा करो!
नागराज की नजरों से ड्राइवर सम्मोहित सा हो गया – वह कुछ पूछ भी न सका।

चांगो इन्टरप्राइजिज
CHANGO ENTERPRISES
अगली टैक्सी इसी इमारत में प्रविष्ट हुई है। और यह इमारत हांगकांग स्थित चांगो के विभिन्न ठिकानों में से एक है।
नागराज ने टैक्सी ड्राइवर को किराया देकर विदा किया।

फाटक पर पहरेदार मुस्तैद खड़े हैं। उनसे बहस करनी बेकार है, अंदर प्रवेश करने के लिए मुझे अपना ही तरीका इस्तेमाल करना होगा।

नागराज ने इमारत के पीछे पहुंच कर अपना ओवरकोट उतारा।

ओवरकोट का कपड़ा सिकुड़कर सूक्ष्म हो गया जिसे नागराज ने बेल्ट की तरह कमर पर लपेट लिया।
खौफनाक जंग के आसार नजर आ रहे हैं।

नागराज पार्श्व भाग की दीवार पर चढ़ने लगा

और एक खिड़की से...
...अंदर कूद गया।

तभी-
ऐ! कौन हो तुम?
तुम्हारा बाप!

फ़स्स
आह...

इधर मेरी आंखों में देखो!
उफ!

नागराज ने उसे सम्मोहित कर दिया।
इस इमारत में एक लड़की को एयरपोर्ट से लाया गया है, वह इस वक्त कहां है?
मुझे नहीं मालूम!
फिर किसे मालूम है ?
यह सारी जानकारी कंट्रोल रूम से मिल सकती है, कंट्रोल रूम दसवें फ्लोर पर है।

तो फिर तुम मेरे किसी काम के नहीं...
फ़ुस्स

दसवां फ्लोर!

दसवें फ्लोर पर पहुंचते ही नागराज का स्वागत किया गोलियों ने!
रें..टा..टा..टा
रें..टा..टा..टा.

इन्हें मेरे आगमन की भनक मिल गई है-इसका मतलब यहां वीडियो कैमरों की व्यवस्था है!

कैमरे छत पर लगे हैं!

कड़ाक
अब देखता हूं कैसे देखते हैं मुझे...!

कहां गया?
बेवकूफ!
सारे कमरे देख डालो!

रोशनदान से नागराज कंट्रोल रूम में पहुंचा-
कंट्रोल रूम
पता नहीं वह इन्सान है या जादूगर। हम तो उसे पहली मंजिल पर ही घेर लेते- किन्तु सेकेण्डों में वह दसवीं मंजिल पर आ गया और हमारे आदमियों को बेहोश करके गायब हो गया सर!

हम उसे तलाश कर रहे हैं सर!
हो सकता है वह फरार हो गया हो।

धाँय धाँय
वह रहा! किल हिम!!
रैं..टा..टा टा टा...

इंचार्ज ने खतरे के अलार्म का स्विच शीघ्रता से पुश कर दिया।
पीं. पीं.

पीं. पीं..पीं.. पीं..
सांप
सांप

ढाक!
पीं..पीं..पी..पीं..पी.
ढिशुंग
तड़क

इंचार्ज को नागराज ने सम्मोहित कर दिया।
खतरे का अलार्म बन्द करो!

हैलो-हैलो-सर... ऊपरी फ्लोर पर गोलियों की आवाज... क्या वहां सब ठीक है?
उसे बताओ कि सब ठीक है?

इंचार्ज ने आदेश का पालन किया और वही कहा जो नागराज ने उससे कहने को कहा था।
स्थिति नियंत्रण में है... सब ठीक है... आपसी गलत फहमी के कारण गोली चल गई थी... तुम सब अपने-अपने कामों में लग जाओ... हां-हां किसी को तलाश करने की जरूरत नहीं-सब ठीक है।
संदेश हर मंजिल पर मौजूद चांगों के साथियों तक पहुंच गया।

हां! सब सामान्य व पूर्ववत है... अब जरा मुझे उस लड़की के बारे में बताओ-जिसे एयरपोर्ट से लाया गया था!
वह ताकाशी है-सिल्वर लैण्ड की राजकुमारी! बॉस का हुक्म था, उसे हांगकांग पहुंचते ही कब्जे में कर लिया जाए।

वह इस समय ब्लैक रूम में है और थोड़ी ही देर में उसे यहां से बॉस के पास ले जाया जाएगा।
तुम्हारा बॉस कौन है?
चांगो!

चांगो के बारे में तुम मुझे क्या बता सकते हो
हमारा बॉस। एशिया का सबसे बड़ा गैंगस्टर है! किन्तु किसी भी देश की पुलिस के पास उसके खिलाफ ऐसा कोई सबूत नहीं है कि उसे गिरफ्तार कर सके।

मिस ताकाशी को तुम लोगों ने क्यों पकड़ा है...?
उसे सुजुकी से मिलने से रोकने के लिए। बास नहीं चाहता कि राजकुमारी ताकाशी सुजुकी से मिलने में कामयाब हो!

यह सुजुकी कौन है?
मार्शल आर्ट, जूडो-कराटे, कुंगफू का सबसे बड़ा माहिर-जिसके सामने शांगो भी सिर झुकाता है।

शांगो
यह कौन है???
हमारे बॉस चांगो से टक्कर लेने का हौसला रखने वाला -एशिया का एकमात्र लड़ाका! चांगो के बाद एशिया के अण्डर वर्ल्ड की सबसे बड़ी शक्ति शांगो ही है।

हुम्म! अब मेरी बात ध्यान से सुनो मिस्टर इंचार्ज-अपने आदमियों को आदेश दो-राजकुमारी ताकाशी को तुरन्त छोड़ दिया जाए, उसे कहीं जाने से रोका नहीं जाए।

मैं अपनी आंखों से उसे इस इमारत से बाहर निकलते देखना चाहता हूं! तुरन्त... अभी... इसी समय...
ठीक है! मैं अभी आदेश देता हूं।

अगले ही पल-
हैलो, रीबन बॉस का नया आदेश है- राजकुमारी ताकाशी को फौरन छोड़ दिया जाए!

इंचार्ज के आदेश का तुरन्त ही पालन किया गया-
टी.वी. स्क्रीन पर नागराज ने मिस ताकाशी को चांगो इंटरप्राइजिज के फाटक से बाहर निकलते देखा।

जैसे ही राजकुमारी ताकाशी फाटक से बाहर निकली-
आह!
ठाक!

और फिर खिड़की की राह से-
इस इमारत में कितना हंगामा हुआ- गोलियां चलीं- मगर पुलिस को कोई खबर नहीं। लगता है यहां की पुलिस भी चांगो से घबराती है।

कम्पाउंड में एक टैक्सी खड़ी थी- जिसके निकट दो स्टेनगन धारी पहरेदार भी थे। उनकी नजर जैसे ही नागराज पर पड़ी
अरे! वह क्या है मिंग?
पता नहीं। गोली चलाएं?

मगर पहरेदार कुछ भी नहीं कर सके। नागराज की फुंकार ने उन्हें....
फुर्रर्र
... पहले ही बेहोश कर दिया।

और फिर-
यही वह टैक्सी है जिसमें मिस ताकाशी को यहां तक लाया गया था, ड्राइवर चांगो का ही कोई आदमी रहा होगा।
कौन है?
रोको!

लेकिन नागराज ने पहरेदारों के प्रश्न का उत्तर दिया अपनी जहरीली फुंकारों से-

फुर्रर्रऽऽ
आह!
और अगले ही पल वह चांगो इंटरप्राइजिज की इमारत से बाहर था।

बाहर निकलते ही उसने सड़क के किनारे खड़ी राजकुमारी ताकाशी के पास टैक्सी रोक दी।
मिस ताकाशी फौरन इस टैक्सी में आ जाइए!
कौन हो तुम, मुझे कैसे जानते हो? अरे! तुम तो...
नागराज को पहचानते ही राजकुमारी टैक्सी में बैठ गई।

थोड़ी देर बाद —
तुम्हारी पोशाक ??
आपने ठीक पहचाना -- हम प्लेन में सहयात्री थे।

इस समय सिर्फ काम की बात! यह बताइए आप हांगकांग क्यों आई हैं? और चांगो के साथियों ने आपका अपहरण क्यों किया था?
चांगो के साथियों ने मेरे पिता किंग ऑफ सिल्वर लैण्ड की हत्या कर दी और हमारे राज्य में चांगो का ही एक गुर्गा डिक्टेटर बन गया है।

मैं बड़ी मुश्किल से अपनी जान बचाकर भागने में सफल हुई हूं- मुझे कोलून जाना है ...वहां मेरे पिता का मित्र सुजुकी है- जो मुझे चांगो से बचा सकता है- और उसकी तथा उसके चेले शांगो की मदद से शायद मैं फिर से अपना राज्य हासिल करलूं।

मगर कोलून पहुंचने से पहले ही—
ओह! पेट्रोल खत्म!
समुद्री किनारा पास ही है। वहां तक का मार्ग पैदल तय कर लेते हैं।

मगर समीपवर्ती चौराहे तक पहुंचते ही—
स्वागत के लिए चार गाड़ियां?
मगर ये लोग हैं कौन ?
स्सईई
फ्ईईsss
ज़ूंss
स्सूंssस्सूंsss

तुम लोग इनमें से जिस गाड़ी में बैठना चाहो, बैठ सकते हो।
लेकिन क्यों और हमें कहां ले जाना चाहते हो।
हम तुम्हें स्वर्ग का रास्ता दिखाएंगे

लेकिन मैं तुम्हें नर्क का रास्ता दिखा सकता हूं।
लगता है चांगो के चमचों को जल्दी ही होश आ गया।

फुस्स
फुस्स
धांय

ठाक
धड़ाम

सांय सांय

कुछ देर बाद–
आओ! मैदान साफ है।
सर्र्र्र

एक भारी ट्रक हमारे पीछे आ रहा है।

टा...टा...टा...

सामने बंद दीवार! अब क्या करें?
मेरी पीठ से चिपकी रहो!

रे टा..टा..टा...

अरे वह क्या बला है। सांप की तरह बल खाता दीवार पर चढ़ रहा है।

इस तरफ तो समुद्र है!
मुझे छोड़ना नहीं!

छपाक

यह बोट हमारे काम आएगी।

आखिर तुम हो क्या चीज...?
वक्त आने पर मालूम हो जाएगा।

मैंने तुम्हारे शरीर से सांप सनसनाते देखे थे।
ख्वाब देखा होगा।

हांगकांग के एक जमींदोज अड्डे में–
वह सिर्फ एक आदमी है और मेरे पास सैकड़ों कातिल हैं। फिर भी वह हाथ नहीं आया। आखिर वह है कौन?

मास्टर चांगो! वह सांपों से हमला करता है! शायद... शायद कोई जादूगर है।
क्या बकते हो?

चांगो क्रोध से बिफर पड़ा
तलाश करो उसे – किसी भी तरह उसका फन कुचल दो! सारे हांगकांग का कोना कोना छान मारो! मैं उसके टुकड़े टुकड़े देखना चाहता हूं।

राजकुमारी ताकाशी को हाथ आने पर भी कब्जे से निकल जाने दिया तुमने बेवकूफ! आई विल किल यू...!

उधर –
अब हम सुजुकी के मार्शल आर्ट स्कूल चलेंगे।

सुजुकी का स्कूल इस स्ट्रीट के अन्तिम छोर पर है।
धन्यवाद!

आपको किससे मिलना है?
मास्टर सुजुकी से कहो, सिल्वर लैण्ड की राजकुमारी उनसे मिलने आई है।

तशरीफ लाइए! आपका स्वागत है।

सुजुकी के कक्ष में –
आप! राजकुमारी जी! यहां इस हाल में, विश्वास नहीं होता!
गनीमत है कि आपने मुझे पहचाना तो बाबा।

जिसे मैं एक बार देख लेता हूं-भूलता नहीं। यह कौन है आपके साथ?
एक बहादुर राहगीर जो यात्रा के दौरान मुझे मिल गया- नाम नागराज।

महाराज तोकासा की हत्या की खबर मैंने पढ़ी थी...
किन्तु किस्मत से मैं बच गई बाबा। मेरी जगह मेरी एक सहेली मारी गई ... जो उस रात मेरे कक्ष में सो गई थी। लाश पहचानी न जाने के कारण कुछ समय के लिये चांगो और उसके साथी भी धोखा खा गए थे और मेरी सहेली को ही राजकुमारी समझ लिया गया।

कमाण्डर सबाटो के दल ने क्रान्ति की थी?
सबाटो एक मोहरा था। वास्तव में यह काम एशियन कुक चांगो का था।

एशियन कुक चांगो... शैतान चांगो।

मुझे सिल्वर लैण्ड को आतंकवादियों से आजाद करना है सुजुकी बाबा।
मुझे सोचने दो, मुझे सोचने दो!!

इस काम में शांगो तुम्हारे लिए मददगार साबित होगा- उसके मां-बाप का कत्ल भी चांगो के गिरोह ने किया था।
लेकिन मैं शांगो को नहीं जानती। उससे कहां सम्पर्क करूं?

तुम उसकी फिक्र न करो। यह सारा प्रबन्ध मैं करूंगा।
अब तुम लोग आराम करो। कल बातें करेंगे।

सुबह–
बड़ा शोर हो रहा है।

ओह! मार्शल आर्ट्स, कुंगफू की प्रैक्टिस चल रही है।

ठाक

ठाक

ठाक

बाबा सुजुकी! ये लोग क्या बन्दरों की तरह उछल-कूद मचा रहे हैं?
यह कुंगफू विद्या है। इनमें एक-एक, बीस-बीस गुण्डों से मुकाबला कर सकता है।

बचकाना और बेकार की उछल-कूद।
भाग जाओ यहां से। यह तुम जैसे लोगों की समझ से बाहर का आर्ट है।

दफा हो जाओ! वरना कोई हड्डी-पसली टूट जाएगी मेरे मेहमान बच्चे!
मैं इतना कमजोर तो नहीं हूं बाबा!

अभी पता चल जायेगा। तुम्हारे लिये तो हमारा सबसे कमजोर छात्र तोशी ही काफी है।

तोशी कतार से बाहर आया।
, इस लड़के को दो-चार हल्के हाथ दिखाओ ताकि, इसके दिमाग की धुंध छंट जाये।

फर्रर्र
ठाक

अरे! यह तो बेहोश हो गया मास्टर।
?
?!

तुरन्त ही नागराज के मुकाबले में एक तगड़ा योध्दा एक्शन में आ गया।
अब जरा जोनो से भी मुकाबला कर लो लड़के!

सब लोग मिलकर कोशिश करो। पकड़ लो इसे!

ठक

टिक

ठहरो! यह जंग बन्द करो!

मैंने किसी पर भी घातक वार नहीं किया बाबा! आत्म रक्षा में उल्टे-सीधे हाथ चलाए हैं! किसी को जोर से ना लग गया हो..?

मैं समझ गया हूं - कौन हो तुम? तुम स्नेक फाइटर हो- कुंगफू के मास्टर।
लड़को! इस शख्स का अभिवादन करो।

थोड़ी देर बाद_
मास्टर, मैंने शांगो का पता लगाया है। वह कोलून के बन्दरगाह पर मछुआरों की बस्ती में रह रहा है।
क्या तुमने उस तक मेरा संदेश पहुंचा दिया?

जी हां! मास्टर, और वह किसी भी वक्त यहां आ सकता है।

राजकुमारी! शांगो और नागराज, अलग-अलग जंगलों के दो शेर हैं। यह आपका सौभाग्य है जो नागराज आपके साथ चला आया!

शांगो के पीछे यहां की पुलिस भी पड़ी है। इसलिए वह दो तरफा दबाव में काम करता है। लेकिन नागराज खुला कार्ड है।

किसी वक्त भी शांगो यहां मुझसे मिलने आ सकता है! मैं उससे बात कर लूंगा!

रात के समय-
शांगो आ गया है मास्टर... उसका कहना है कि हर तरफ अंधेरा हो - सिर्फ आपके कमरे में रोशनी रहे और सब रास्ते खुले हों!
ठीक है!

शांगो ने मास्टर के कमरे में कदम रखा-
मैं आ गया हूं मास्टर!
बैठो शांगो। मैं तुम्हारा ही इंतजार कर रहा था।

चांगो के विरुध्द तुम्हारी जंग कैसी चल रही है।
उसने यहां की पुलिस को खरीद लिया है–जिस कारण मेरे काम में बाधा पहुंच रही है वरना अब तक वह जमीन से उठ चुका होता।

क्या तुम चांगो के विरुध्द आखिरी जंग लड़ना पसंद करोगे?
पांच वर्ष से मैं उसी आखिरी जंग का इंतजार कर रहा हूं मास्टर!

तो फिर समझो, वह वक्त आ गया है। लेकिन यह जंग हांगकांग में नहीं सिल्वर लैण्ड में लड़ी जाएगी।

सिल्वर लैण्ड?

जब तुम मेरी पूरी बात सुनोगे तो तुम्हारे पास पूछने के लिए कोई प्रश्न नहीं होगा शांगो।

सुजुकी की पूरी बात सुनने के बाद –
यह एक सुनहरा मौका है। मुझे राजकुमारी से मिला दो। मैं अभी चलने के लिए तैयार हूं।
नहीं! इस तरह नहीं। तुम अपनी यात्रा अलग करोगे और राजकुमारी तुम्हें वहीं मिलेगी।

फिर मैं उन्हें पहचानूंगा कैसे?

उसका प्रबन्ध कर दिया जाएगा तुम कल आना।

अगली सुबह –
इन तीन अंगूठियों को अच्छी प्रकार पहचान लो। इनमें से दो तुम्हारे पास होंगी और तीसरी शागो के पास...

दोनों ने अंगूठियां धारण कर लीं।
इस तरह तुम तीनों एक दूसरे को पहचान सकोगे। वह तुमसे सिल्वर लैण्ड में आ मिलेगा।

सिल्वर लैण्ड में कणक बस्ती का सरदार मेरा शागिर्द है। तुम्हारी गतिविधि का केन्द्र वही स्थान होगा।
बहुत बेहतर!

मैंने उसके नाम खत लिख दिया है। यह लो!

अब हम चलते हैं सिल्वर लैण्ड की ओर।
अलविदा मेरे बच्चो! अवश्य ही तुम्हारी विजय होगी!

ईश्वर उन्हें शक्ति दे!

जैसे ही सुजुकी वापस पहुंचा।
हैं? यह क्या... यह लाश किसकी?
ओह, मेरे भगवान! यहां तो सब मुर्दा पड़े हैं... किसने मारा है इन सबको बेरहमी से?
हमने मास्टर सुजुकी, और यह ट्रेलर है।
राजकुमारी ताकाशी और उसका साथी तुम्हारी शरण में हैं उन्हें हमारे हवाले कर दो।
!
वरना हम तुम्हारी बूढ़ी खाल नोच कर फेंक देंगे और मांस चील-कौवों को खिला देंगे।
की...आय...
ठाक
खड़ाक

सक
सक
ठाक
सर्र...सर्र
फर्र..फर्र
कड़ाक
तड़ाक
या... ई...
ऊ...
हूं...
धुप्प

मर गया... हमारे आठ आदमी मार डाले इस बुड्ढे ने।
यहां से फौरन निकल चलो-यहां कोई नहीं है।

जब शांगो सुजुकी के पास पहुंचा-
उफ... मौत की गंध... बर्बादी... तबाही... आतंक...

मास्टर... मास्टर! यह आपको क्या हुआ... किसने खेला यह खूनी खेल...?
यह अंगूठी... सिल्वर लैण्ड ... आह... ...

अंगूठी... सिल्वर लैण्ड... कातिल की पहचान... मैं उसे जिन्दा नहीं छोडूंगा... मास्टर... मैं इंतकाम लूंगा।

मछेरों की बस्ती में-
अब मेरा हांगकांग में कोई काम नहीं... मैं अकेला सिल्वर लैण्ड जा रहा हूं - लेकिन किसी को मालूम न हो कि शांगो कहां गया है।

चांगो के अड्डे पर —
क्या... वह नहीं मिले और सुजुकी का कत्ल कर डाला... मूर्खों तुमने सुजुकी का कत्ल क्यों किया?! सुजुकी के चेले संसार-भर में फैले हैं।

सुजुकी की मौत का समाचार सुनकर दुनिया भर के कुंगफू मैन हांगकांग का रुख करेंगें और अगर उन्हे मालूम हो गया कि इसमें चांगो का हाथ है तो अंजाम बुरा होगा।

हम क्या करते बॉस! वह बूढ़ा हम पर दरिन्दे की तरह टूट पड़ा था।
ठीक है तुम कर भी क्या सकते थे - जो कुछ करेंगे हम करेंगे।

जंबालू!
यस बॉस!

यहां आओ!
बॉस! योर एक्सीलैंसी! हमें क्षमा कर दिया जाए!

जंबालू, यह चार लोग तुम्हारी खुराक का इंतजार कर रहे हैं।

सड़ाक-सड़ाक

अगले दिन एक बियावान जंगल में –
चार लाशें पेड़ों से लटकी हुई हैं और इनकी गर्दनों पर किसी दरिन्दे के दांतों के निशान हैं।
ऐसी एक-दो घटना पहले भी घट चुकी है। खून पीने वाला दरिन्दा... शैतान... उफ्फ..

चांगो के अड्डे पर –
जंबालू! तुम मेरे साथ सिल्वर लैण्ड चलने के लिए तैयार रहो।
ओ.के. बॉस!

मेरे विशेष साथियों! फिलहाल हम हांगकांग से रुखसत हो रहे हैं। यहां हमारे दुश्मनों की तादाद बहुत बढ़ती जा रही है-सब लोग पलायन की व्यवस्था करें।

चांगो का शिप सिल्वर लैण्ड के लिए चल पड़ा–

उधर सिल्वर लैण्ड में–
चांगो से पहले मुझे सुजुकी के कातिलों से निपटना है।

दोस्त! क्या तुम इस अंगूठी को पहचानते हो?
नहीं! मैंने ऐसी अंगूठी कभी नहीं देखी।

क्या तुमने यह अंगूठी कहीं देखी है?
मैं इसके सिर्फ बीस डॉलर दे सकता हूं।

तुम तो घर-घर डाक बांटते हो- तुमने देखी होगी यह अंगूठी किसी के पास?
मैं डाकिया हूं चोर नहीं। जो लोगों के जेवरों पर निगाह रखूं।
सात दिन हो गए - सुराग लगाते-लगाते, लेकिन कुछ भी पता नहीं चला...
गोदी में काम मिलेगा?
मैं काहिली बर्दाश्त नहीं करता -पूरी मेहनत करवाता हूं और पूरा पैसा देता हूं।
चलो, उठाओ पेटी। वरना खाल खींच लूंगा।
दो दिन का भूखा हूं सरकार!
सड़ाक
सड़ाक
मुंह क्या देख रहे हो? मरगया तो क्या हुआ। चलो, काम करो!

रात के समय—
हमारा एक साथी और मर गया... धीरे-धीरे हम भी मर जाएंगे
और हमारी जगह नये लोग आते रहेंगे। फर्क क्या पड़ता है।
हम लोग गुलाम हैं और गुलामों का यही जीवन होता है।

तुम लोग यह सब बर्दाश्त कैसे कर लेते हो?
हर नया आदमी तुम्हारी तरह जोश में आता है, फिर कोड़े पड़ते ही अक्ल ठिकाने आ जाती है।

लेकिन ऐसा है क्यों? मेहनत के बदले कोड़े क्यों?
जब से क्रान्ति हुई है सबाटो नया राजा बना है। पगार की जगह सिर्फ रोटी मिलती है, वह भी भर पेट नहीं।

जो मरा है, वह अपनी रोटियां बचाकर अपने भूखे बच्चों को देता था। कभी कभी दो-दो, तीन-तीन दिन तक फाके करता था। अब उसके बच्चों का क्या होगा?
यह जुल्म है, अन्याय है। पहले पगार तय की जाएगी, वरना काम नहीं होगा।

नहीं-नहीं हम तुम्हारी बातों में नहीं आ सकते।
हमें रोटी कौन देगा?
कोड़ों से कौन बचाएगा?

यह सब मैं करूंगा।

अगली सुबह-
तुम्हें मजदूरों की मांगें पूरी करनी ही पड़ेंगी.

पहले हम तुम्हारी नेतागिरी को चमकाये देते हैं बेटा...दो दिन में पर निकल गये।

सड़ाक
सड़ाक

तुम लोगों ने अब तक सिर्फ कोड़े चलाये हैं - इसका दर्द नहीं सहा...

...आज तुम्हें पहली बार इसका अहसास होगा।

साय
साय
साय
सड़ाक
गोली मार दो इसे!
सड़ाक
सड़ाक
सड़ाक
अब इस गोदी पर हमारा कब्जा है। हम खुद काम करेंगे और बराबर का हिस्सा बांट लेंगे भाग जाओ!
शाम के समय–
तुम में से किसी ने यह अंगूठी देखी है कहीं
दिखाना तो...
अंगूठी
अरे, मैं भी तो देखूं!
यह अंगूठी मैंने देखी है।
कहां?
याद करना पड़ेगा समझ में नहीं आता कहां देखी है!

हां...याद आ गया। सपने में एक फरिश्ता देखा, उसके पास यह अंगूठी थी और वह तुम थे

शांगो की तलाश जारी रही-
एक ना एक दिन मैं सुजुकी के हत्यारे को तलाश कर ही लूंगा।

एक दिन शांगो उसी रेस्टोरेंट में पहुंचा जहां सबसे पहले पहुंचा था-
हां, वही हूं।
तुम वही तो नहीं हो जो एक खास किस्म के अंगूठी धारक को पूछ रहे थे?

इसी तरह की एक अंगूठी वाला तुम्हारी तलाश में है। अगर तुमने अपना पता यहां छोड़ा होता तो मैं उसे तुम्हारे पास भेज देता।
तुम्हें उसका पता मालूम है?

हां, लेकिन मैं मुफ्त में सेवा नहीं करता, पता बताने की फीस पांच सौ डालर...।
पांच सौ डालर...। यह तो बहुत ज्यादा है।

चार सौ से कम में बात नहीं बनेगी...?
ठीक है अन्दर किसी कमरे में चलो।

अन्दर के कमरे में:-
मैं इत्मीनान से यहां तुम्हारा कत्ल कर सकता हूं!
न... नहीं!
बताओ उसका पता...
उसका नाम नागराज है और ग्रीन बीच के हट नम्बर पांच में रहता है।
नागराज! ग्रीन बीचं... हट नम्बर पांच..
नागराज मैं आ रहा हूं... मैं आ रहा हूं...
नागराज और शांगो

नागराज और शांगो

APRATAP MULICK

संजय गुप्ता पेश करते हैं।

नागराज और शांगो

लेखक : परशुराम शर्मा चित्रांकन : संजय अष्टपुत्रे सम्पादक : मनीष गुप्ता

एशियन क्रुक चांगो के गिरोह के खूंखार लोगों ने सिल्वर लैण्ड के राज परिवार का कत्ल कर दिया था। सिर्फ राजकुमारी ताकाशी ही उनके चंगुल से बचकर भागने में सफल हो सकी थी। वह हांगकांग में अपने पिता के मित्र मास्टर सुजूकी की सहायता लेने पहुंची – किन्तु फंस गई चांगो के गिरोह के लोगों के बीच। नागराज की मदद से किसी तरह वह मास्टर सुजूकी तक पहुंचने में सफल हो गई। सुजूकी ने उन दोनों को एक जैसी अंगूठी देकर वापस सिल्वर लैण्ड भेजा। जहां वैसी ही तीसरी अंगूठी देकर चांगो के जबरदस्त प्रतिद्वन्दी कोरियन फाईटर शांगो को उनकी मदद के लिए वह भेजने वाला था। मगर शांगो को अंगूठी देने से पहले ही मास्टर सुजूकी चांगो के गिरोह के लोगों से टक्कर लेता हुआ बुरी तरह घायल हो गया। शांगो जब मास्टर सुजूकी से मिलने पंहुचा तो तीसरी अंगूठी, उसे देते हुए सुजूकी ने दम तोड़ दिया और गलत फहमी का शिकार होकर शांगो नागराज का दुश्मन बन गया। अब उसे तलाश थी नागराज की--

यह सब आपने "राज कॉमिक्स में पूर्व प्रकाशित कॉमिक "नागराज की हांगकांग यात्रा मे पढ़ा और अब आगे पढ़ें–

नागराज हट नम्बर पांच में मौजूद था।

...ऐसी अंगूठी वाला कोई व्यक्ति दिखाई तो पड़े।

तभी–
ओह! मुझे अचानक खतरे की गन्ध महसूस हो रही है।

उसी समय–
घुप्प

कोई जबरदस्त फाईटर है–जो खड़ी अंगुलियों से दरवाजे को काट रहा है!

कुछ देर बाद–
भड़ाक
नागराज कौन है?

मैं हूं नागराज!
यह अंगूठी पहचानते हो नागराज?

हां!

तो फिर मरने के लिए तैयार हो जाओ... हाऽऽ हूऽ
ठाक

ढिशूम
क्या, तुम शांगो हो?
शांगो नहीं। तुम्हारी मौत का फरिश्ता!!! याऽऽऽ हू। हाऽऽऽहू

बड़ाक

ठाक

ठाक

जिप्प
टिक

रुक जाओ शांगो! तुम्हें कुछ गलत फहमी हुई है!

बुजदिल! मैं तेरे जिस्म के टुकड़े-टुकड़े कर दूंगा।
मैं अभी तक सिर्फ अपना बचाव कर रहा हूं। मुझे आक्रमण पर मजबूर मत करो शांगो।

क्या ऽऽ?! शांगो को चैलेंज करता है?

या...ई...

फुस्स

ओह! मुझे नशा सा हो रहा है। अपनी सांस रोककर फेफड़ों की सारी हवा बाहर फेंक दूं।

शांगो पर मेरी जहरीली फुंकार का कोई प्रभाव नहीं पड़ा। इसका मतलब यह पूर्ण मास्टर है!

तुमने इसी तरह जहरीली गैसों के इस्तेमाल से सुजूकी को काबू में लेकर कत्ल किया होगा। लेकिन शांगो ऐसे हमलों का आदी है।
सुजूकी का कत्ल?!

शांगो तुम्हें धोखा हुआ है। मैंने सुजूकी का कत्ल नहीं किया

और मुझ पर इतने हमले करने के बाद भी तुम इसलिए जिन्दा हो क्योंकि मैंने तुम्हें दोस्त समझा है...
...वरना देखो, मेरी ताकत क्या है...
सक्ऽ सक्ऽ
यह पहला आदमी है, जो मेरे सांपों से मुकाबला कर रहा है।
ओह! सांप ही सांप... यह क्या बला है..मुझे यहां से भाग निकलना चाहिए।
झनाक
मैं तुमसे फिर मिलूंगा नागराज!
बेफिक्र रहो दोस्त! मैं तुम्हारे पीछे-पीछे आ रहा हूं।

नागराज! आखिर तुमने उसे जानें क्यों दिया... और तुम...
मैं अभी उसे लेकर आता हूं। तुम यहीं ठहरो।

मुझे शांगो का ठिकाना मालूम करना चाहिए।

शांगो गोदी पर लौट आया।
नागराज एक खतरनाक किस्म का जादूगर है।

तभी-
तड़ाक
आह!

ओह! लोहे की सलाख तोड़ दी!

जंबालू इसे कत्ल कर दो...

खबरदार !
वहीं रुक जाओ !
आह!
ठाक
रेटा...टा...टा...

छपाक

ओह! वह शैतान इधर ही आ रहा है! मुझे जहाज के कंट्रोल रूम पर कब्जा करना चाहिए...

झांगो
किसी ने मुझे पुकारा है।

गोदी के मजदूर जहाज में कैद थे।
हैं! तुम लोग.. इस बड़े पिंजरे में...
तुम्हारे जाने के बाद हम पर कयामत टूट पड़ी झांगो!

लेकिन यह सब हुआ कैसे?
गोदी का मालिक जंबालू नामक शैतान को लेकर आया। उसने हमें उठा-उठाकर डेक पर फेंक दिया...

...और फिर यहां मौजूद बन्दूक-धारियों ने हमें कैद कर लिया।
मैं अभी यह सलाखें तोड़ कर तुम्हें आजाद कराता हूं।

तभी-
बचो शांगो...! जंबालू आ गया...!!

श्शांय...

करड करड़..
!
जंबालू ने शांगो से सलाख छीन कर चबा डाली।

तड़ाक
खड़ाक.. कड़ाक

अब कहां निकलेगा पट्ठे ...तेरा खून पिऊंगा मैं!
जंबालू पर टूट पड़ो!
इन मच्छरों की इतनी हिम्मत...
किरच... ...किरच
खून... गरम खून!
शांगो का पीछा करते हुए नागराज गोदी तक पहुंच चुका था।

तुम सब लोग भागजाओ...
कम्बख्त ने मुझे रस्सियो के बेहद मजबूत जाल में फांस दिया।
यहां पर खौफनाक जंग के आसार नजर आ रहे हैं।
अब मैं तेरा खून पिऊंगा... तू ही है वह शांगो - जिसने चांगो बॉस की नाक में दम कर रखा था।
तभी-
ओह सांप!?

दूसरा सांप ??
सांऽऽपऽऽ
जब तक वह सांपों से जूझता है, मैं तुम्हें आजाद किए देता हूं!
तुमने मेरी जान क्यों बचाई?
अभी यह बताने का वक्त नहीं: पहले उसे देखो।
मैं तुम सबको तबाह कर दूंगा।

ढिशाम

बड़ाम

उस पर जहर का असर चढ़ रहा है। वह पागल हो गया है।

खून पी जाऊंगा...सबका!

जहाज तबाह हो रहा है। चलो... अब निकल चलो...
जंबालू पागल हो गया है- तबाही से वह खुद भी नहीं बचेगा।

कुछ ही क्षणों बाद-
बड़ाम

जहाज के साथ-साथ जंबालू भी पानी में गर्क हो गया।

मेरा ख्याल है कि तुम यह गोदी छोड़ दो...

... बचे खुचे मजदूरों को लेकर मेरे साथ चलो!

गोदी के मालिक और उसके गुण्डों ने मजदूरों को भून दिया होगा।

नहीं! मैंने उन्हें सबक पढ़ा दिया। वे अब इस तरफ कभी नहीं आएंगे।

यह शांगो है – जिसका मैंने तुमसे जिक्र किया था।
ओह! कोरियन फाइटर शांगो! तुम्हारा दोस्त... वही, जिसका तुम इंतजार कर रहे थे।

गोहिमा गोहिमा
गोहिमा गोहिमा
गोहिमा का अर्थ है- नमस्कार।

फिर नागराज ने शांगो को पूरा किस्सा सुनाया।
मुझसे बड़ी भूल हुई नागराज! सुजूकी ने मुझे अंगूठी दी और मैं यह समझा कि यह कातिल की पहचान है।
जबकि सुजूकी ने हम तीनों को पहचान के लिए अंगूठियां दी थीं।

यहां आकर हमने इस बस्ती को सिल्वर लेण्ड की स्वतंत्रता संग्राम का केन्द्र बनाया है। हमारे सहयोगी इसी जगह से सम्पर्क बनाए हुए हैं।

सुबह –
मालूम हुआ है कि चांगो हांगकांग से सबकुछ समेट कर यहां आ गया है।
इसका मतलब मास्टर सुजूकी के हत्यारे वही लोग हैं...

...क्योंकि चांगो जानता है कि सुजूकी की मौत के बाद हांगकांग में क्या तूफान आएगा।...

...सुजूकी के शिष्य छोड़ेंगे नहीं चांगो को।

हमें एक ही रात में सारा काम समाप्त करना है शांगो! दो जगह एक साथ हमले होंगे- एक मोर्चा तुम संभालोगे और दूसरा मैं।

मैं तैयार हूं!

चांगो ने सिल्वर लैण्ड स्थित अपने हैडक्वार्टर में अपने विशेष साथियों की सभा बुलाई।

सिल्वर लैण्ड में नागराज और शांगो दोनों मौजूद हैं।

आप हमें आदेश दें-हम अपनी जान पर खेल जाएंगे।

नागराज के सम्बंध में बहुत सी जानकारियां हमें उपलब्ध हो रही हैं। यह वही शख्स है जिसने बुलडॉग का खात्मा किया था।

यह देखो! नागराज से निपटने के लिए इस तरह की फोर्स होगी!
अब रहा शांगो का सवाल! उससे कोई भी फोर्स मुकाबला कर सकती है।
लेकिन ये लोग हैं कहां?

सिल्वर लैण्ड में हर तरफ मेरे जासूस फैल गए हैं। वे शीघ्र ही इसका पता लगाएंगे।

उधर नागराज ने योजना तैयार कर ली थी।
यह सिल्वर लैण्ड का नक्शा है।
कमाण्डर सबातो का राज-भवन पर कब्जा है...और इसके चारों ओर छावनी है...

...और शांगो का हेड-क्वार्टर पश्चिम में एक समुद्री झील पर बना हुआ – जलमहल है। यह सूचना हमारे जासूसों ने दी है।

हम में से एक दल राजभवन पर कब्जा करेगा और दूसरा जलमहल पर...

...और यह सब एक ही रात में और एक ही समय पर होना है।

सुबह तक हम सिल्वर लैण्ड में एक नए शासन की घोषणा कर देंगे! क्या आप लोग मुझसे सहमत हैं?
हां... हम सब सहमत हैं।

एक दल का नेतृत्व शांगो करेगा और दूसरे का मैं...
मैं चांगो पर हमला करूंगा।

दोस्त शांगो! वह जगह राजभवन की अपेक्षा अधिक सुरक्षित और खतरनाक है...

...इसलिए चांगो मेरा शिकार होगा!
मैं चांगो को अपने हाथों से मारना चाहता हूं।

मैं तुम्हारी भावना समझ सकता हूं और वायदा करता हूं कि चांगो को जिन्दा तुम्हारे हवाले कर दूंगा।
राजकुमारी लाकाशी! तुम शांगो के दल में रहोगी--- छावनी के स्थानीय सैनिकों में हमारे कुछ आदमी हैं-- जब उन्हें पता चलेगा कि राजकुमारी जिन्दा है तो अधिकांश सैनिक तुम्हारा साथ देंगे।
ठीक है। मैं शांगो का साथ दूंगी।

शांगो राजकुमारी ताकाशी का जीवन तुमसे ज्यादा कीमती है।
मैं जानता हूं।

मैं चांगो के जलमहल में अकेला जाऊंगा। बाकी सब लोग छावनी की तरफ जाएं।

चांगो के जासूस भी सक्रिय थे।
हैल्लो... बॉस! खबर मिली है कि नागराज और शांगो कणक बस्ती में रह रहे हैं।
कणक बस्ती!.. कणक सरदार को ज्ञात है यह?
जी हां! उसी ने शरण दी है!
उनकी गतिविधि पर नजर रखो!

योजना की शाम–
दोस्तों! अब हम एक दूसरे से तब मिलेंगे – जब सिल्वर लैण्ड पर राजकुमारी ताकाशी की पताका लहरा रही होगी।

और अगर हम अपने उद्देश्य में सफल न हो सके तो हमें जिन्दा रहने का कोई हक न होगा।

उनके दस्ते अलग-अलग रास्ते निकल पड़े।

बॉस! नागराज जल महल की झील तक आ पहुंचा है!
ओह! उसका इतना साहस!

झील के तट पर चांगो का बोट हाउस था।
यहां से मुझे एक बोट प्राप्त कर लेनी चाहिए।

ऐ कौन है?! वहीं रुक जाओ।

फुस्स

यह बोट हाउस का गार्ड है मैं इसके वेश में आगे बढ़ सकता हूं।
नागराज ने वेश बदल लिया—

तुम कहां जा रहे हो?
मैं जरा समुद्री गश्त लेने जा रहा हूं।

अभी-अभी खबर मिली है कि नागराज इस तरफ आ रहा है।
मैं उसी की तलाश में जा रहा हूं। दोस्त...

इसका मतलब इन्हें मेरे आगमन का पता है।

उधर बोट हाउस इंचार्ज ने नागराज की खोज आरम्भ करवा दी।
बोट हाउस का चप्पा-चप्पा छान मारो!

ओह! यह गार्ड बेहोश पड़ा है और इसके कपड़े भी गायब हैं।
इसका मतलब नागराज गार्ड के भेष में निकल गया!

महल के चारों तरफ सर्चलाइट घूम रही है - इसका मतलब है मेरी तलाश!

स्नेक फाइटिंग फोर्स कोई भी गार्ड अन्दर न आने पाए... अलर्ट...
ओ.के. बॉस!

तो फिर मैं यह तरीका प्रयोग करूंगा!

ओह! यह नहर महल के अन्दर जा रही है?

नहर के रास्ते नागराज महल के अन्दर पहुंच गया।

सभी रास्तों पर पहरा था।

नागराज एक दीवार पर जा चढ़ा-
वो देखो! दीवार पर नागराज!

रट..टा..टा..

बुर्जी पर!
पकड़ो!!
तीसरी बुर्जी पर!

फुस्स्स

यहां मेरे सांपों का हमला कामयाब क्यों नहीं हो रहा है ?
रेटा..टा..टा...

वह दूसरी बुर्जी पर चला गया!

ढिशुम
वह एक नम्बर की बुर्जी पर चला गया है।
बॉस, उस पर गोलियों का असर नहीं हो रहा है।
टूट पड़ो कुचल दो!
हाथापाई के युद्ध में नागराज ने कुंगफू का प्रयोग शुरू कर दिया।
ठाक
ठाक

नागराज ने स्नेक फाइटिंग फोर्स को नष्ट कर दिया बॉस!
उसे बमों से उड़ा दो!
ओह! अब मैं इसे अपने रेडियो बमों से खत्म कर दूंगा।
बड़ाम
नागराज इस स्क्रीन पर...!? ओह! तो वह इस तरफ बढ़ रहा है।??
बड़ाम

फिलहाल मुझे कन्ट्रोल रूम छोड़कर सबाटो की छावनी में पहुंच जाना चाहिए।

LIFT
वह इस गैलरी तक आ गया।

नागराज ने सम्मोहन से मालूम किया।
बताओ, चांगो कहां है?
ऊपर महल के हेलीपैड पर!

नागराज एक खिड़की से छत पर पहुंच गया -
इससे पहले कि हेलीकॉप्टर उड़ान भरे-मुझे उसे पकड़ लेना चाहिए।

सारे महल में धमाके हो रहे हैं!

हेलीकॉप्टर सबाटो की छावनी की ओर चल पड़ा।
स..स..

कमांडर सबाटो! मैं चांगो तुम्हारे महल पर उतरने आ रहा हूं।
ठीक है मार्ग साफ है।
तभी–
नागराज!?
हां! मैं हूं नागराज!!
ठाक
फुस्स
फुस्स

बस, अब तुम कोई गड़बड़ मत करना। चांगो मेरे कब्जे में है।

सबारो की छावनी की तरफ बढ़ते रहो।

उधर सबारो छावनी में-

देख लो, इस देश के वीर जवानों, मैं ताकाशी हूं। इस देश की राजकुमारी और अपने देश की जनता को सबारो के चंगुल से मुक्त कराने आई हूं।

राजकुमारी ताकाशी...

जिन्दाबाद

और जिस जगह बागी जमा हैं - वहां हवाई हमला कर दो!

जूंSSSSSS
जूंSSS

डरो नहीं. हवाई हमलों से कुछ नहीं होगा। हमारे महल तक एक सुरंग जाती है... हम उसके द्वारा अन्दर पहुंच जाएंगे।

हमारी एक टुकड़ी - दिखावे के लिए सबारो की आर्मी का मुकाबला करती रहेगी... ताकि उनका ध्यान - उसी तरफ रहे। बाकी लोग सुरंग के रास्ते अन्दर चलेंगे।

ताकाशी और शांगो का सैनिक दस्ता सुरंग के रास्ते बढ़ चला...

...और राजमहल के एक भाग में प्रविष्ट हुआ।
अटैक!

धड़ाम
धांय धांय

ठाक
खन्न

महल में घमासान युध्द हुआ।
झांगो! तुम सबाटो की फरारी का रास्ता जाम कर दो... महल की छत पर जाओ!

कमांडर सबाटो! महल के सभी हिस्सों पर बागियों का कब्जा होता जा रहा है।

झांगो ने महल की छत पर चढ़ना शुरू कर दिया।
ऊपर से एक हेलीकॉप्टर भी उतरता दिखाई दे रहा है।

ओह! फिलहाल मुझे चांगो के साथ यहां से निकल भागना चाहिए- वरना मेरे साथ-साथ चांगो भी घिर जाएगा।
सबाटो महल के हेलीपैड पर पहुंचा—
कमांडर! महामहिम चांगो का कॉप्टर उतर रहा है।
हां! तुम लोग यहां तक पहुंचने के रास्ते जाम कर दो।
या ई... ई..ऽऽऽ
ठाक
सांय
सबाटो हेलीकॉप्टर की तरफ भागा- हेलीकॉप्टर उतर रहा था।
इस वक्त मुझे अपनी जान बचानी है।

परन्तु तुम बच नहीं सकोगे सबाटो!

झांगो! यह रहा तुम्हारा शिकार चांगो! कंमाडर सबाटो, तुम्हारा खेल खत्म!

सबाटो ने दौड़कर महल की छत से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली।

अगली सुबह ताकाइशी की पताका सिल्वर लैण्ड पर फहरा रही थी
झांगो! तुम अपने कैदी के साथ चाहे जैसा सलूक करो... परन्तु ताकाइशी का राज्य भी तुम्हें संभालना है।
और नागराज तुम?

